दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-21 अंक-298 सीहोर, मंगलवार 21 जनवरी 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना



## डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने,बाइबिल पर हाथ रखकर ली शपथ



वॉशिंगटन डीसी (ए.)। डोनाल्ड ट्रम्प दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने गए। भारतीय समयानुसार सोमवार रात 10:30 बजे अमेरिकी संसद कैपिटल हिल में सुप्रीम कोर्ट के जज जॉन रॉबर्ट ने बाइबिल पर हाथ रखकर शपथ दिलाई। ट्रम्प ने बाइबिल पर हाथ रखकर कहा- अमेरिकी संविधान की हिफाजत करूंगा। ट्रम्प से पहले उपराष्ट्रपति के तौर पर जेडी वेंस शपथ ली। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण से पूर्व ट्रम्प पत्नी मेलानिया के साथ सेंट जॉन चर्च पहुंचे। यहां उन्होंने प्रार्थना की। ट्रम्प 2017 के बाद दूसरी बार दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश के शीर्ष पद पर आसीन हुए हैं। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में कई देशों के राष्ट्राध्यक्ष और बड़े नेता मौजूद रहे। पिछले साल नवंबर में हुए राष्ट्रपति पद के चुनाव में ट्रंप ने कमला हैरिस को हराया था। विदेश मंत्री एस। जयशंकर ने भारत का प्रतिनिधित्व किया।शपथ ग्रहण से पूर्व अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन डीसी में तापमान माइनस 5 डिग्री सेल्सियस था। कड़कड़ाती ठंड के चलते 40 साल बाद राष्ट्रपति की शपथ संसद के अंदर रखी गई थी। इससे पहले 1985 में रोनाल्ड रीगन की शपथ कैपिटल हिल के अंदर हुई थी। सामान्य तौर पर राष्ट्रपति खुले मैदान नेशनल मॉल में शपथ लेते हैं। इधर पीएम नरेंद्र मोदी रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन सहित दुनिया के अनेक देशो के प्रमुखो ने ट्रम्प को बधाई दी है। व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि वे रूस-यूक्रेन और परमाणु हथियारों के मुद्दे पर बातचीत के लिए तैयार हैं। वहीं पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- मेरे प्रिय मित्र राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को संयुक्त राज्य अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में ऐतिहासिक शपथ ग्रहण पर बधाई! मैं एक बार फिर साथ मिलकर काम करने, दोनों देशों को लाभ पहुंचाने और दुनिया के लिए बेहतर भविष्य को आकार देने के लिए तत्पर हूं।

## 2 विदेशी सहित 100 महिलाओं ने नागा सन्यासी की दीक्षा ली

प्रयागराज (ए.)। प्रयागराज महाकुंभ में 2 विदेशी सहित 100 महिलाओं ने एक साथ नागा संन्यासी की दीक्षा ली। इसमें सभी आयु वर्ग की महिलाएं हैं। सभी जूना अखाड़े से जुड़ी हैं। आज से इन सभी की जिंदगी बदल जाएगी। संगम घाट पर अपने केश कटवाए। फिर जीते जी खुद का और अपनी सात पीढ़ियों का पिंडदान कर दिया है। गंगा में 17 पिंड बनाए, जिसमें से 16 उनकी सात पीढ़ियों के थे। एक उनका खुद का था।गंगा स्नान के बाद उन्होंने गेरुआ वस्त्र छोड़कर बिना सिले श्वेत वस्त्र धारण किए। अब आचार्य महामंडलेश्वर मंत्र देने वाले है। इस बीच उनकी कठिन साधना चलती रहेगी। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या को तड़के सभी महिलाएं नागा संन्यास की दीक्षा लेंगी।



युवा साधु प्रयागराज में संगम पर महाकुंभ मेला 2025 के दौरान यज्ञ करते हुए।

### कोलकाता ट्रेनी डॉक्टर रेप-मर्डर मामला

## दोषी संजय रॉय को उम्रकैद के साथ 50 हजार का जुर्माना

कोलकाता,(ए)। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में हुए ट्रेनी डॉक्टर रेप और मर्डर मामले में मुख्य आरोपी संजय रॉय को सियालदह कोर्ट ने दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा, उस पर 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इस मामले में सजा का ऐलान सोमवार को किया गया, जब अदालत ने संजय रॉय, सीबीआई और पीड़ित परिवार के वकीलों की दलीलें सुनीं।

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में 9 अगस्त 2024 को एक जघन्य अपराध हुआ था, जिसमें संजय रॉय ने एक ट्रेनी महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार किया और उसकी हत्या कर दी। इस मामले में करीब 164 दिन की जांच के बाद, अदालत ने संजय रॉय को दोषी ठहराया।

कोर्ट ने सजा सुनाने से पहले 3 पक्षों की दलीलें सुनीं, जिसमें संजय रॉय का बयान भी



शामिल था। दोषी संजय रॉय ने अदालत में कहा कि मैं निर्दोष हूं और मुझे फंसाया गया है। उसने दावा किया कि उससे जबरदस्ती कागजों पर साइन कराए गए थे और जेल में उसे पीटा गया।

वहीं इस मामले में सीबीआई ने कोर्ट से दोषी को फांसी की सजा की मांग की, ताकि समाज में विश्वास और न्याय की भावना बनी रहे। जबकि पीड़ित के माता-पिता ने भी फांसी की सजा की मांग की। उन्होंने कहा कि संजय रॉय, जो अस्पताल की सुरक्षा में तैनात था, वही उस डॉक्टर के साथ इस जघन्य अपराध को अंजाम देने वाला अपराधी था, जिसकी उसे रक्षा करनी थी।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि दोषी को फांसी की सजा होनी चाहिए क्योंकि उसका अपराध बेहद घृणित है। यहां बताते चलें कि अदालत ने फोरेंसिक रिपोर्ट को इस मामले का आधार माना है। रिपोर्ट में पाया गया कि संजय रॉय का डीएनए घटनास्थल और पीड़ित डॉक्टर की बॉडी पर पाया गया था, जो उसके इस अपराध में शामिल होने का ठोस सबूत था। ऐसे में संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, 66 और 103(1) के तहत दोषी पाया गया, जिसके तहत आजीवन कारावास या फांसी की सजा दी जा सकती है। सजा सुनाते हुए जज ने कहा, तुम पर लगाए गए सभी आरोप साबित हो चुके हैं। इसी के साथ अदालत ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए 50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया।

## पंजाब में दिल दहला देने वाली घटना, 9 साल के बच्चे को कुत्तों ने नोंच नोंच कर मार डाला

पटियाला(आरएनएस)। पूरे पंजाब में ऐसा कोई शहर या जिला नहीं है जहां आवारा कुत्ते लोगों के खौफ की वजह न बन रहे हों। कुछ दिन पहले ही जालंधर में एक बुजुर्ग महिला पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया था वहीं अब पटियाला में तो दिल दहला देने वाली घटना हुई है। यहां नाभा के गांव ढींगी में 10 से अधिक आवारा कुत्तों ने 9 साल के बच्चे को इतना नोंचा कि अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई।

शिवम के परिवार वाले खेतों में मजदूरी का काम करते हैं। अचानक आवारा कुत्तों के एक झुंड ने बच्चे शिवम को घेर लिया और उस पर हमला कर दिया। जब तक आसपास के लोग बच्चे की मदद के लिए पहुंचे, तब तक कुत्ते उसे बुरी तरह जख्मी कर चुके थे।

## किसानों का दिल्ली कूच फिलहाल टला, पंधेर ने केंद्र से 14 फरवरी से पहले चंडीगढ़ में मीटिंग करने को कहा



पटियाला (आरएनएस)। हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर से किसानों का दिल्ली कूच फिलहाल टाल दिया गया है। किसान मजदूर मोर्चा के संयोजक सरवण सिंह पंधेर ने सोमवार को शंभू बॉर्डर पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। पंधेर ने कहा कि केंद्र सरकार को 14 फरवरी से पहले किसानों के साथ बैठक करनी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि यह बैठक चंडीगढ़ की बजाय दिल्ली में होनी चाहिए। इससे पहले सुबह पंधेर ने कहा था कि किसान दिल्ली कूच करेंगे। केंद्र सरकार किसानों में फूट डालने की कोशिश कर रही है। केंद्र ने किसानों को 14 फरवरी को चंडीगढ़ में बातचीत का न्योता दिया था।फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गारंटी कानून समेत अन्य मांगों को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा ने आज (20 जनवरी) पंजाब-हरियाणा समेत देशभर में लोकसभा और राज्यसभा सांसदों के आवास का घेराव करने का ऐलान किया था। हालांकि, केंद्र से बातचीत का न्योता मिलने के बाद SKM ने इस कार्यक्रम में बदलाव किया है। अब किसान घेराव करने की बजाय ई-मेल के जरिए सांसदों को अपनी मांगों का ज्ञापन भेजेंगे।

## पहाड़ों से ठंडी हवाओं का असर नहीं, मप्र में अगले दो दिनों तक कड़के की ठंड से राहत

भोपाल (ए.)। प्रदेश के मौसम का मिजाज अब बदल गया है। हवाओं का रुख बदलने से कड़ाके की ठंड से प्रदेशवासियों को राहत मिली, लेकिन तीखी धूप की वजह से गर्मी का अहसास भी होने लगा है। वर्तमान में पूर्वी और दक्षिण पूर्वी हवाएं प्रदेश में आ रही हैं।इस वजह से तापमान में यह बदलाव देखने को मिल रहे हैं। अगले दो-तीन दिन भी यही स्थिति बनी रहेगी। सोमवार को तीखी धूप की वजह से प्रदेश के कई जिलों में दिन के तापमान में पांच डिग्री तक की बढ़ोतरी हुई। खंडवा, खरगोन, खजुराहो और मंडला का अधिकतम तापमान 30 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं रविवार-सोमवार दरमियानी रात के न्यूनतम तापमान में भी वृद्धि हुई। यही कारण है कि प्रदेश के अधिकांश जिलों में अब रात को भी कड़ाके की ठंड नहीं पड़ रही है। हालांकि प्रदेश में एकमात्र मंडला जिला ऐसा है, जहां सबसे कम न्यूनतम तापमान 5 डिग्री सेसिल्यस दर्ज किया गया।



## फंदे से तो जिंदा उतार ली गई, एंबुलेंस के गेट ने ले ली जान!


भीलवाड़ा (आरएनएस)। राजस्थान के भीलवाड़ा में एक हृदयविदारक घटना सामने आई है, जहाँ एक 43 वर्षीय महिला की सरकारी एंबुलेंस में फंसकर मौत हो गई। महिला ने पहले फांसी लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया था, लेकिन बाद में अस्पताल पहुंचने पर एंबुलेंस का गेट जाम होने के कारण समय पर इलाज न मिलने से उसकी जान चली गई। प्रतापनगर थाने के एसएचओ सुरजीत थोलिया के अनुसार, महिला ने रविवार शाम अपने घर में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी। परिवार ने उसे तुरंत फंदे से उतारा और अस्पताल ले जाने के लिए एंबुलेंस बुलाई। एंबुलेंस समय पर अस्पताल तो पहुँच गई, लेकिन तकनीकी खराबी के कारण उसका गेट 20 मिनट तक जाम रहा, जिसके चलते महिला को समय पर इलाज नहीं मिल पाया और उसकी मौत हो गई।महिला के परिजनों ने एंबुलेंस के मेडिकल स्टाफ पर लापरवाही के कई गंभीर आरोप भी लगाए हैं, जिनकी पुलिस द्वारा जांच की जा रही है। परिजनों के अनुसार, महिला के आत्महत्या के प्रयास का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। महिला के पति और दो बच्चों ने उसे फंदे पर झूलते हुए देखा था और तुरंत उसे भीलवाड़ा के महात्मा गांधी अस्पताल ले गए थे।

## मध्यप्रदेश में निवेश के अवसरों पर पुणे में 22 जनवरी को इंटरेक्टिव सत्र

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव निवेशकों से करेंगे सीधा संवाद



भोपाल (निप्र) । प्रदेश सरकार द्वारा औद्योगिक विकास और निवेश के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए 22 जनवरी को इंटरेक्टिव सत्र पुणे में आयोजित होगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव पुणे में मध्यप्रदेश में निवेश के अवसर पर आयोजित इंटरेक्टिव सत्र में निवेशकों और उद्योगपतियों से सीधा संवाद करेंगे। यह सत्र न केवल मध्यप्रदेश के निवेश अवसरों को प्रदर्शित करेगा, बल्कि राज्य को उद्योगों के लिए एक अनुकूल स्थान के रूप में स्थापित करने की दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों की निरंतरता को भी दर्शाएगा। मुंबई, कोलकाता, बैंगलोर और कोयंबटूर में मिली सफलता के बाद पुणे का यह सत्र निवेशकों के लिए एक और सुनहरा अवसर है। इन शहरों में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अपनी दूरदर्शी नीतियों और प्रदेश के निवेश अनुकूल माहौल को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया, जिससे मध्यप्रदेश में निवेश की संभावनाओं को नई दिशा मिली। पुणे का यह सत्र उसी श्रृंखला का हिस्सा है, जो राज्य को निवेश के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम होगा।



*एनसीसी कैडेट्स ने नई दिल्ली में डीजी एनसीसी आरडीसी-2025 कैंप, करिअप्पा परेड ग्राउंड, दिल्ली कैंट में एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर 2025 के दौरान मार्च पास्ट किया।*

## इंजीनियर अतुल सुभाष की मां को सुप्रीम कोर्ट ने दिया झटका, नहीं मिली पोते की कस्टडी

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। इंजीनियर अतुल सुभाष की मां अंजू देवी को अपने पोते की कस्टडी के मामले में सुप्रीम कोर्ट से निराशा हाथ लगी है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि बच्चा अपनी मां निकिता सिंघानिया के साथ ही रहेगा। अदालत ने अंजू देवी की याचिका को खारिज करते हुए उन्हें निचली अदालत में कस्टडी की मांग के लिए जाने की छूट दी है।

अंजू देवी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि निकिता और उसके परिवार ने अतुल को झूठे केस में फंसाकर पैसों के लिए परेशान किया, जिसके चलते उन्हें आत्महत्या करनी पड़ी। उन्होंने यह भी कहा था कि निकिता का परिवार बच्चे को खोजने में बाधा डाल रहा है और वह उसके साथ सुरक्षित नहीं है।

न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना और न्यायमूर्ति साईश चंद्र शर्मा की पीठ ने अंजू देवी की याचिका पर सुनवाई की। अदालत ने पहले भी 7 जनवरी को अंजू देवी को बच्चे का संरक्षण देने से इनकार कर दिया था, यह कहते हुए कि बच्चा उनके लिए अजनबी है। अदालत ने कहा था, यह कहते हुए खेद हो रहा है, लेकिन बच्चा याचिकाकर्ता के लिए अजनबी है। यदि आप चाहें तो कृपया बच्चे से मिलें। यदि आप बच्चे की कस्टडी चाहते हैं तो इसके लिए अलग प्रक्रिया है।

## स्वाति मालीवाल का आप सरकार पर तंज, बोलीं- दिल्ली में इतने बुरे हालात कभी नहीं देखे



नई दिल्ली(आरएनएस)। राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व चेयरपर्सन स्वाति मालीवाल लगातार अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर लगातार हमला कर रही हैं।स्वाति मालीवाल दिल्ली की अलग-अलग विधानसभाओं में जाकर आम आदमी पार्टी की पोल खोल रही हैं। स्वाति मालीवाल ने सोमवार को कहा कि आज दिल्ली के जितने बुरे हालात हैं, ऐसे हालात तो पिछले 20 साल में कभी नहीं देखे।

उन्होंने कहा कि हालात इतने खराब हैं कि सड़कें टूटी हुई हैं, नालियां ओवरफ्लो कर रही हैं। जहां-जहां देखते हैं वहां-वहां कूड़े के ढेर पड़े हैं। घरों में नलों से इतना सड़ा हुआ पानी आ रहा है कि कोई पी नहीं सकता। मैं द्वारका गई थी, वहां कॉलोनी के घरों के नलों से काला पानी आ रहा था। इस तरह का पानी कई महीनों से आ रहा है। मैं भलस्वा में झुग्गियों में गई थी, वहां पर नलों से पीला सड़ा हुआ पानी आ रहा था। पानी ऐसा था कि पीना तो बहुत दूर की बात है, कोई उसे छू भी नहीं सकता था। जो छुएगा वह बीमार पड़ जाएगा।स्वाति मालीवाल ने आगे कहा कि मैं दिल्ली सरकार से जानना चाहती हूं कि शराब फ्री स्कीम थी, अब क्या घरों में बीयर भेजने की स्कीम शुरू कर दी है। क्योंकि यह जो पानी है वह बिल्कुल बियर जैसा ही दिखता है। दिल्ली सरकार ढिंढोरा पीटती है कि हम दिल्ली में हर घर को मुफ्त पानी दे रहे हैं। लेकिन सच यह है कि दिल्ली में लोगों को हर रोज 20, 50, 100 रुपये देकर पानी खरीदना पड़ रहा है, तब जाकर वो पानी पी रहे हैं, तो मुफ्त कैसे हो गया।उन्होंने आगे कहा कि मैं जानना चाहती हूं कि मुख्यमंत्री अपना शीश महल बनाते हैं, तब वो उसमें करोड़ों रुपये का वाटर सप्लाई सिस्टम लगवाते हैं, जब जनता की बारी आती है तो आप गरीबों के घरों में सड़ा हुआ काला-पीला पानी भेजते हैं। जिससे लोग बीमार पड़ जाएं।





# लोकमाता अहिल्या देवी की नगरी महेश्वर में होगी अगली मंत्रि-परिषद की बैठक : मुख्यमंत्री डॉ. यादव



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि वर्ष 2025 मालवा की महारानी पुण्यश्लोका अहिल्या देवी का 300वां जयंती वर्ष है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार ने देवी अहिल्या माता की 300वीं जयंती मनाने का निर्णय लिया है। इस उपलक्ष्य में हम पूरे वर्ष अलग-अलग कार्यक्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मंत्रि-परिषद की अगली बैठक मालवा की महारानी लोकमाता अहिल्या देवी को समर्पित की जाएगी। उन्होंने बताया कि मंत्रि-परिषद की बैठक 24 जनवरी को लोकमाता की राजधानी रही धार्मिक नगरी महेश्वर में होगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोमवार को जारी अपने संदेश में यह जानकारी दी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन धार्मिकता, त्याग और करुणा का प्रतीक था। वे न केवल एक कुशल शासिका थीं, बल्कि एक आदर्श नारी और माता भी थीं। लोकमाता अहिल्या देवी के शासनकाल, उनकी कर्तव्यपरायणता, धर्म परायणता, सुशासन, दानशीलता, धार्मिकता आदि गुणों से हमें सद्मार्ग और सुशासन के जरिए लोक-कल्याण की असीम ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। उनके व्यक्तित्व की आभा से पूरा समाज आज भी उन्हें अत्यंत श्रद्धा से देखता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की पावन धरा वह स्थान है, जहां रानी दुर्गावती, लोकमाता अहिल्या देवी, सम्राट विक्रमादित्य और राजा भोज जैसे प्रतापी एवं सुशासन लाने वाले शासक हुए हैं। इनके नाम और काम पर मध्यप्रदेश सदैव गौरवान्वित होता आया है। इस संदर्भ में महिला शासिका लोकमाता अहिल्या देवी का नाम भी अजर-अमर है। उनके नाम पर समर्पित मंत्रि-परिषद की बैठक में हम जनकल्याण से जुड़ी कई नवीन योजनाओं को मंजूरी देने जा रहे हैं। उन्होंने प्रदेश की जनता से अपील की कि हम सब मालवा की लोकमाता अहिल्या देवी के पुण्य स्मरण में शामिल हों। वे स्वयं और सभी मंत्रीगण मिलकर अहिल्या माता को समर्पित मंत्रिपरिषद की बैठक के लिए महेश्वर जाएंगे और यही लोकमाता को, उनके सद्कार्यों को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

**लोकमाता अहिल्या देवी का जीवन परिचय**

लोकमाता देवी अहिल्याबाई भारत के इतिहास में एक महान शासिका, समाज सुधारक और धर्मपरायण नेत्री के रूप में प्रसिद्ध हैं। उनका जीवन त्याग, नारी सशक्तिकरण, धर्म और न्याय के आदर्शों से प्रेरित है। देवी अहिल्याबाई का जन्म 31 मई 1725 को महाराष्ट्र राज्य के अहमदनगर जिले के चौंडी गांव में एक साधारण मराठा पाटिल परिवार में हुआ था। उनके पिता का नाम मनकोजी शिंदे था। उनका विवाह 1733 में खंडेराव होल्कर से हुआ, जो मालवा के शासक श्री मल्हारराव होल्कर के पुत्र थे। वर्ष 1754 में श्री खंडेराव होल्कर की मृत्यु के बाद, अहिल्याबाई ने अपने जीवन को राज्य और प्रजा की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। श्री मल्हारराव होल्कर की मृत्यु (1766) के बाद अहिल्याबाई ने इंदौर की गद्दी संभाली। उनका शासनकाल (1767-1795) न्यायप्रियता, कुशल प्रशासन, और समाज कल्याण के लिए जाना जाता है। देवी अहिल्याबाई ने महिलाओं की स्थिति सुधारने के लिए काम किया।

## बिना उजाला दिए दम तोड रहे सोलर पैनल

भोपाल (आरएनएस)। राजधानी में स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत बड़े तालाब के किनारे लगाए गए सोलर पैनल अब देखरेख के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। 2018 में शुरु की गई इस महत्वाकांक्षी परियोजना का उद्देश्य वीआइपी रोड पर लगी लाइटों ओर कर्बला स्थित पंप पंप हाउस के लिए बिजली उत्पादन करना था, लेकिन आज यह प्रोजेक्ट अपनी अनदेखी और रखरखाव की कमी के कारण विफ्लता की कगार पर है। स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट के तहत ढाई करोड़ रुपये की लागत से बड़े तालाब की रिटेनिंग वाल पर 1500 से अधिक सोलर पैनल प्लेट्स लगाई गई थीं। इनकी कुल लंबाई 400 मीटर है ओर प्रत्येक पैनल का वजन 425 से 450 किलोग्राम है। इन पैनल के हर दिन तीन हजार यूनिट बिजली उत्पादन की योजना थी, जिससे सालाना 2.5 करोड़ रुपये की बिजली बनाई जा सकती थी। पांच साल में इस परियोजना की लागत वसूल होने का दावा किया गया था। शुरुआत में इन सोलर पैनल्स की देखरेख की जिम्मेदारी ऊर्जा विकास निगम को सौंपी गई थी, लेकिन पांच साल बाद यह प्रोजेक्ट नगर निगम को हस्तांतरित कर दिया गया।

## भोपाल प्लेटफार्म पर आरपीएफ स्टाफ की सतर्कता से बच्ची की जान बची

भोपाल (निप्र)। भोपाल रेलवे स्टेशन पर रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के सतर्क और त्वरित प्रयासों ने एक बच्ची की जान बचाने की मिसाल पेश की। यह घटना 16 जनवरी 2025 को ट्रेन संख्या 12137 पंजाब मेल के प्लेटफार्म से रवाना होने के दौरान हुई। ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कर्मचारी आर. विजय कौशल की तत्परता और साहस ने बच्ची की जान बचाने में अहम भूमिका निभाई। घटना के दौरान, पंजाब मेल के पिछले जनरल कोच में अचानक चेन पुलिंग (एसीपी) हुई। आर. विजय कौशल ने तुरंत स्थिति का निरीक्षण किया और देखा कि एक महिला यात्री घबराहट में जोर-जोर से रोते हुए मदद की गुहार लगा रही थी। महिला की बच्ची बेहोश थी। श्री कौशल ने तत्काल बच्ची को गोद में लेकर प्राथमिक उपचार शुरू किया। उन्होंने बच्ची के चेहरे पर पानी छिड़का, आंखें मली, हाथ-पैर रगड़े और सिर दबाया। उनकी सूझबूझ और तत्परता से बच्ची को हल्का होश आ गया।



इसके बाद बच्ची को तुरंत प्लेटफार्म नंबर एक के बाहर ले जाया गया जहाँ गार्ड लाबी के ड्राइवर श्री हैदर की मदद से रेलवे की सरकारी गाड़ी में बच्ची को उसके माता-पिता के साथ नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। अस्पताल में डॉ. सुरेश कुमार ने बच्ची का तुरंत इलाज शुरू किया।

बच्ची के पिता, अब्दुल बाकिर, जिला मुरैना, मध्य प्रदेश, ने रेलवे कर्मचारियों और आरपीएफ के प्रति आभार व्यक्त किया। वे भोपाल से मुरैना की यात्रा कर रहे थे।

इस सराहनीय कार्य पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया ने कहा, रेलवे सुरक्षा बल और कर्मचारियों का यह प्रयास यात्रियों के प्रति रेलवे की जिम्मेदारी और समर्पण को दर्शाता है।

आरपीएफ स्टाफ आर. विजय कौशल की तत्परता ने बच्ची को जीवनदान दिया। भोपाल रेल मंडल यात्रियों की सुरक्षा और सहायता के प्रति इसी प्रकार अपने दायित्वों को निभाती रहेगी।

### भारत के प्राचीन सिक्कों पर केन्द्रित विषय युग युगीन सिक्के प्रदर्शनी 22 जनवरी से

भोपाल,(आरएनएस)। संचालनालय पुरातत्व अभिलेखागार एवं संग्रहालय, भोपाल के अंतर्गत डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर पुरातत्व शोध संस्थान, भोपाल द्वारा अश्विनी शोध संस्थान, महिदपुर, उज्जैन के सहयोग से भारत के प्राचीन सिक्कों पर केन्द्रित विषय युग युगीन सिक्कें पर प्रदर्शनी लगाई जा रही है। प्रदर्शनी का शुभारंभ प्रो. वैद्यनाथ लाभ, कुलगुरु, सॉची बौद्ध भारतीय अध्ययन विश्वविद्यालय के गरिमामय उपस्थिति में 22 जनवरी को अपरान्ह 2:30 बजे किया जायेगा। राज्य संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में प्रदर्शनी 28 जनवरी तक दर्शकों के लिए उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर प्रथम दिन मुद्राशास्त्र पर आधारित विषयों पर मुद्राशास्त्र के लब्ध प्रतिष्ठि विद्धानों द्वारा अपने शोध पत्रों का वाचन कर मुद्राशास्त्र के विभिन्न आयामों को उजागर किया जायेगा।

## उज्जैन-भोपाल-उज्जैन स्पेशल पैसेंजर के फेरे विस्तारित




भोपाल (निप्र)। यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे भोपाल मंडल के भोपाल से उज्जैन के मध्य चलाई जा रही ट्रेन न. 09313/09314 उज्जैन भोपाल- उज्जैन स्पेशल के फेरे तत्काल प्रभाव से पुनः विस्तारित किए गए है। ट्रेन न.09313 उज्जैन - भोपाल स्पेशल ,उज्जैन से 31 जनवरी, 2025 तक तथा ट्रेन न. 09314 भोपाल - उज्जैन स्पेशल 01 फरवरी, 2025 तक प्रतिदिन चलेगी। इस ट्रेन के आगमन/प्रस्थान समय, ठहराव आदि में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ट्रेनों के आगमन/प्रस्थान समय, ठहराव सहित अन्य अद्यतन जानकारियों के लिए यात्रीगण www.enquiry.Indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते है।

### लंबित शिकायतों की सुनवाई, 40 का समाधान

भोपाल(आरएनएस)। सीएम हेल्पलाइन पर वर्षों से लंबित शिकायतों के निस्तारण के लिए भोपला पुलिस ने एक नई पहल शुरु की है। प्रदेश में पहली बार लंबित शिकायतों की सुनवाई के तिलए जोन-दो पुलिस ने एमपीनगर स्थित एक रेस्टारेंट में शिविर का आयोजन किया। यहां जोन-दो के अंतर्गत सभी नौ थानों की पुलिस मौजूद रही। जानकारी के अनुसार शिकायतों की सुनवाई के लिए अधिवक्ता एसडीएम, विधिक सहायता के प्रतिनिधि और समाजसेवियों की ज्यूरी बनाई गई।

## चाचा ने की 7 साल की मासूम से दरिंदगी



भोपाल(ए.)। राजधानी के पिपलानी थाना इलाके में रिश्तो को शर्मसार किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। यहाँ 7 साल की मासूम भतीजी से उसके 20 साल के चाचा ने दरिंदगी की। आरोपी चाचा मासूम भतीजी को घुमाने के बहाने अपने साथ बाइक से जंगल ले गया। वहाँ आरोपी ने टॉर्च की रोशनी में उसके साथ घिनौनी हरकत की। उसी समय पैट्रौलिंग करते हुए पहुंचे पुलिस जवानों को बाइक खड़ी दिखी पास में देखने पर झाड़ियों में हलचल नजर आने पर पुलिस जवानों ने आरोपी को गलत काम करते हुए दबोच लिया और थाने लेकर पहुचें। थाने से बच्ची की मां को आरोपी देवर की करतूत की जानकारी लगी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार शाम बालिका को चार साल की मासूम अपने घर पर खेल रही थी। उस समय जहॉ मां घरेलू काम में व्यस्त थी, वहीं उसके पिता काम पर गए हुए थे। उसी समय वहाँ पहुंचे मासूम के चाचा ने भाभी से कहा की भतीजी को साथ लेकर सब्जी लेने जा रहा है, उसे घुमाते हुए ले लाऊंगा। काफी देर बाद जब मासूम की मॉ ने देवर को फोन लगाया तब उसने कहा कि थोड़ी देर में वह घर पहुंच रहा है।

## रतलाम पुलिस ने चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले तीन आरोपियों को 24 घंटे के भीतर किया गिरफ्तार, 65 लाख रुपए का माल बरामद

**675 ग्राम सोने और 3 किलो चांदी के जेवरात सहित 10 लाख 50 हजार नगद जब्त**



भोपाल (विलक्षण सक्सेना)। मध्यप्रदेश पुलिस प्रदेश में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की धरपकड़ करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में पुलिस ने थाना डीडी नगर क्षेत्र में हुई लगभग 65 लाख रूपए की चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर मामले का सफलतापूर्वक पर्दाफाश किया। फरियादी के घर में शादी के दौरान हुई इस चोरी में घर के नौकर पवन डोडियार ने मुख्य भूमिका निभाई। उसने अपने दो अन्य साथियों अनिल डामोर और अमृतलाल देवड़ा के साथ मिलकर वारदात को अंजाम दिया। दिनांक 19 जनवरी 2025 को को फरियादी सुनील पिता माणकलाल मूणत द्वारा रिपोर्ट कर सूचना दी गई कि उनके घर में बेटे की शादी का कार्यक्रम होने से सभी लोग एक दिन पहले से ही घर पर ताला लगाकर चंपाविहार मैरिज गार्डन में गए हुए थे। उसी दिन रात्रि 12:30 बजे जब फरियादी सुनील मूणत अपने घर पहुंचे तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ मिला। कोई अज्ञात बदमाश रसोई घर की खिड़की का कांच तोड़कर घर के अंदर घुस गए और अलमारी का दरवाजा तोड़कर सोने चांदी के जेवरात, चांदी की सात सिली, सोने की तीन डली, व 12 लाख रुपए नगद चोरी करके ले गए। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना डीडी नगर पर BNS का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक रतलाम अमित कुमार ने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक द्वारा अज्ञात आरोपियों की पाताराशी एवं माल मशरूका की बरामदगी हेतु प्रशिक्षु आई पी एस विक्रम अहिरवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश खाखा एवं नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी डीडी नगर रविन्द्र दंडोतिया के नेतृत्व में थाना डीडी नगर, सायबर सेल, सीसीटीवी और फिंगर प्रिंट शाखा के साथ अलग अलग टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। सीसीटीवी में दिखाई देने वाले संदिग्धों का पुलिस टीम द्वारा रूट ट्रैक किया गया। सायबर सेल की टीम द्वारा तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर तंत्र के आधार पर भी संदिग्धों से पूछताछ की गई। जिसके आधार पर संदिग्ध अनिल पिता रतन डामोर उम्र 20 वर्ष निवासी तैरमा बाउडी शिवगढ़ तथा अमृतलाल पिता भूरालाल देवड़ा उम्र 19 वर्ष निवासी तेरमा बाउडी शिवगढ़ को पकड़कर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपियों ने अपने अन्य साथी पवन पिता गौतम डोडियार निवासी मोखमपुरा बाजना की मदद से चोरी करना स्वीकार किया।पवन डोडियार फरियादी के घर पर नौकर है। इस कारण पवन को घर में रखे पैसे और जेवरात के बारे में सटीक जानकारी थी। घर में शादी होने से परिवार जब गार्डन में गया था तो पवन ने ही आरोपियों अनिल और अमृतलाल को चोरी करने के लिए बुलाया था। पवन के बताए समय अनुसार अनिल और अमृतलाल द्वारा घर में घुसकर चोरी की और ट्रेन से बड़ौदा और वहां से इंदौर की तरफ फरार हो गए थे।



**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पंडित खुशीलाल शर्मा शास. आयुर्वेदिक विद्यालय में आयोजित तीन दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारंभ किया।**

## चुनार स्टेशक तक बढ़ाई गई इटारसी-प्रयागराज छिवकी ट्रेन के फेरों में वृद्धि

भोपाल (निप्र)। रेल प्रशासन द्वारा महाकुम्भ मेला के अवसर पर अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा के लिए इटारसी-प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस ट्रेन को चुनार स्टेशन तक चलाने का निर्णय लिया गया था। प्रयागराज छिवकी से चुनार के मध्य चलने वाली एक्सप्रेस ट्रेन के फेरों में बढ़ोत्तरी की गई है। अर्थात जिन तिथियों में यह ट्रेन चुनार तक नहीं जा रही थी अब उन तिथियों में भी चुनार तक चलाई जाएगी, जिसका विवरण निम्न है।



अब गाड़ी संख्या 11273 इटारसी-प्रयागराज छिवकी एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 19 जनवरी 2025 से 27 फरवरी 2025 तक निरंतर प्रतिदिन चुनार तक चलाई जाएगी। यह ट्रेन इटारसी स्टेशन से 17:15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह प्रयागराज छिवकी 09:55 बजे पहुँचकर, 10:15 बजे प्रस्थान कर, मेजा रोड 11:10 बजे, माण्डा रोड 11:30 बजे, विन्ध्याचल 11:58 बजे, मिर्ज़ापुर 12:13 बजे पहुँचकर, दोपहर 13:30 बजे चुनार स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 11274 प्रयागराज छिवकी-इटारसी एक्सप्रेस ट्रेन दिनांक 20 जनवरी 2025 से 28 फरवरी 2025 तक निरंतर प्रतिदिन चुनार से चलाई जाएगी। यह ट्रेन चुनार स्टेशन से सायं 16:30 बजे प्रस्थान कर मिर्ज़ापुर 16:55 बजे, विंध्याचल 17:13 बजे, माण्डा रोड रोड 17:45 बजे, मेजा रोड 18:08 बजे, प्रयागराज छिवकी 19:45 बजे पहुँचकर तथा रात्रि 20:15 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन सुबह 11:30 बजे इटारसी स्टेशन पहुंचेगी।

बढ़ी हुई फेरों एवं ट्रेन के ठहराव के विस्तृत समय-सारिणी के लिए कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाएं या एनटीईएस ऐप डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है।

## सुपर स्पेशलिटी अस्पताल रीवा उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का बन रहा है केंद्र

**लीडलैस पेसमेकर का सफलतापूर्वक किया गया इंप्लांट**

**उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने चिकित्सकीय टीम को दी बधाई**

भोपाल,(आरएनएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार की प्राथमिकता है कि दूरस्थ इलाकों में रहने वाले लोगों को भी बड़े शहरों जैसी उन्नत चिकित्सा सुविधाएं मिलें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा है कि रीवा का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल न केवल विंध्य क्षेत्र, बल्कि पूरे मध्यप्रदेश के लिए उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र बन रहा है। अस्पताल की चिकित्सकीय टीम ने यह साबित कर दिया है कि अब ग्रामीण और दूरस्थ इलाकों में भी जटिलतम चिकित्सा प्रक्रियाएं संभव हैं। लीडलैस पेसमेकर जैसे अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग हृदय रोगियों के जीवन में बड़ा बदलाव ला सकता है, और यह प्रक्रिया प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र में नई ऊंचाइयां स्थापित करने का प्रतीक है। रीवा स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है।

# संक्षिप्त समाचार

## खिरकिया स्टेशन पर गाड़ियों का प्रायोगिक ठहराव का विस्तार

भोपाल (निप्र)। रेल मंत्रालय (रेलवे बोर्ड) द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मण्डल के खिरकिया स्टेशन पर दिनांक 21.01.2025 से 19.07.2025 तक निम्नलिखित गाड़ियों के प्रायोगिक ठहराव का विस्तार किया गया है। 1. गाड़ी संख्या 12149 पुणे-दानापुर एक्सप्रेस खिरकिया स्टेशन पर 08:00 बजे पहुँचकर, 08:02 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। 2 गाड़ी संख्या 12150 दानापुर-पुणे एक्सप्रेस खिरकिया स्टेशन पर 15:15 बजे पहुँचकर, 15:17 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। 3. गाड़ी संख्या 17020 हैदराबाद-हिसार एक्सप्रेस खिरकिया स्टेशन पर 10:26 बजे पहुँचकर, 10:28 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। 4.गाड़ी संख्या 19483 अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस खिरकिया स्टेशन पर 14:35 बजे पहुँचकर, 14:37 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। 5.गाड़ी संख्या 19484 बरौनी-अहमदाबाद एक्सप्रेस खिरकिया स्टेशन पर 23:05 बजे पहुँचकर, 23:07 बजे गन्तव्य के लिए प्रस्थान करेगी। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अनुरोध है कि वे इन ठहरावों का अधिकतम उपयोग करें और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करें। यात्रीगण कृपया रेलवे द्वारा अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस/139 से भी गाड़ी की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट के लिए तैयारियां समय से परी की जाएं : आयुक्त

भोपाल,(आरएनएस)। निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण ने फ़रवरी में आयोजित ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2025 की तैयारियों को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी विभाग अपने-अपने कामों को समय से पूरा करें। निगम आयुक्त ने मुख्य मार्गों के मेंटनेंस, सेंट्रल वर्ज, साइड वर्ज, फुटपाथ आदि की मरम्मत एवं रंगाई, पुताई, झीलों, तालाबों, उद्यानों एवं दीवारों का सौंदर्यीकरण, स्ट्रीट लाइट व अन्य कार्यों को बेहतर ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित विभागों के अधिकारियों को दिए। बैठक में नगर निगम, पीडब्ल्यूडी, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, स्मार्ट सिटी, औद्योगिक विकास निगम आदि के अधिकारी मौजूद थे।

## मॉडल, एक्सीलेंस स्कूल में नौंवी में एडमिशन के लिए आवेदन दस तक

भोपाल, (आरएनएस)। उत्कृष्ट स्कूल और मॉडल स्कूलों में कक्षा नौवीं में संयुक्त चयन परीक्षा के लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरु हो गई। आवेदन दस फ़रवरी तक किए जा सकेंगे। चयन परीक्षा आठ मार्च को हो सकती है। परीक्षा में शामिल होने के लिए आठवीं के स्टूडेंट्स ही पात्र हैं। स्टूडेंट्स एमपी ऑनलाइन या डेबिट/क्रेडिट कार्ड के माध्यम से पोर्टल फीस 200 रुपए का भुगतान कर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

## इंटरनल अंक 14 फरवरी तक पोर्टल पर करने होंगे अपडेट

भोपाल(आरएनएस)। सीबीएसई से संबद्ध स्कूलों को 12वीं के प्रैक्टिकल/प्रोजेक्ट/इंटरनल असेसमेंट के इंटरनल ग्रेट्स सीबीएसई पोर्टल पर स्कूलों को अपलोड करना होगा। इसके लिए अंतिम तारीख 14 फ़रवरी है। खास बात यह है कि एक बार नंबर सर्व पर लोड होने के बाद बदले नहीं जा सकेंगे। सीबीएसई ने इस संबंध में सभी स्कूलों के प्रिंसिपल को दिशा-निर्देशा जारी किए हैं।

## आबकारी विभाग की टीम ने दुकानों के आसपास शराब पीने वालों को खदेड़ा

भोपाल(आरएनएस)। आबकारी अमले ने राजधानी में दूसरे दिन शनिवार को भी अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान एक दर्जन दुकानों के आसपास और होटल-ढाबों पर दबिश दी। अंडा, नमकीन ओर पान वालों की गुमठियां हटाई गई। अमले को देखकर सडक् पर शराब पी रहे लोग दौड़ते हुए दिखाई दिए। इधर, अनाधिकृत रूप से शराब पी रहे 34 लोगों पर प्रकरण बनाए गए हैं। इनमें रेस्टारेंट पेज-तीन में शराब पी रहे तीन महिलाएं शामिल हैं। जिला आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल ने बताया कि दो अलग-अलग टीमों ने पुराना किला, आरएस मार्केट, पंचशील, त्रिलंगा, गुलमोहर, डिपो चौराहा, पीएंडी चौराहा, एमपी नगर जोन-दो, हबीबगंज नाका, 11 मील, शाहपुरा आदि शराब दुकानों के आसपास अनाधिकृत रूप से शराब पीने वालों पर कार्रवाई की। दुकानों के आसपास लगे अंडे, नमकीन, पान मसाले के ठेलों को हटवाया गया। साथ ही वरांडा रेस्टोरेंट, पेज-तीन, फर्स्ट स्टेप, बनारसी ढाबा, ग्रेवाल ढाबा आदि पर दबिश दी गई। त्रिलंगा स्थित रेस्टारेंट पेज-तीन में महिलाएं भी शराब पी रही थीं।

## खाद्य अधिकारी के साथ गैस एजेंसी संचालक ने की मारपीट

भोपाल,(आरएनएस)। लालघाटी स्थित प्रियंका गैस एजेंसी के संचालक द्वारा सहायक आपूर्ति अधिकारी अशोक कुमार सत्यार्थी के साथ गाली गलौच ओर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है, जिसके बाद सत्यर्थी ने कोहेफ्जिा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया। मामले के अनुसार गैस एजेंसी पर दस से ज्यादा ग्राहक खड़े होकर समय पर गैस सिलेंडर न मिलने की शिकायत कर रहे थे, जिसकी जांच करने के लिए सत्यार्थी मौके पर पहुंचे थे। लेकिन इसी दौरान गैस एजेंसी संचालक ओर उनके पुत्र ने मौके पर पहुंचकर खाद्य अधिकारी के साथ बदसलूकी करना शुरु कर दी ओर एक ग्राहक को धक्का देकर एजेंसी से बाहर कर दिया। इस पर मौके पर मौजूद खाद्य अधिकारी ने आपत्ति दर्ज की।

## वायु प्रदूषण फैलाने वालों से वसूला दो लाख का जुर्माना

भोपाल, (आरएनएस)। शहर में गंदगी फैलाने वालों के साथ ही अलग-अलग तरीकों से वायु प्रदूषण फैलाने वालों के साथ ही अलग-अलग तरीकों से वायु प्रदूषण फैलाने वालों पर निगम द्वारा स्पॉट फाइन की कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को निगम की टीमों ने अलग-अलग इलाकों में कार्रवाई करते हुए अब तक का सबसे ज्यादा जुर्माना वसूल किया। निगम अमले ने सीएंडडी वेस्ट के 17 प्रकरणों में 16 हजार 100 रुपये सहित कुल 1278 प्रकरणों में दो लाख पांच हजार 808 रुपये स्पाट फाइन के रूप में वसूल किए। निगम ने भवन निर्माताओं से अपील की है कि वह भवन निर्माण के समय ग्रीन नेट का पूरी तरह उपयोग करें व वायु गुणवत्ता में सुधार हेतु सहयोग करें अन्यथा निगम द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# प्रयागराज पहुंचे उज्जैन कलेक्टर-एसपी, अखाड़ों के संतों से चर्चा कर जरूरी व्यवस्थाओं की जानकारी ली



उज्जैन (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देश पर जिले के कलेक्टर नीरज कुमार सिंह व एसपी प्रदीप शर्मा ने प्रयागराज महाकुंभ के संचालन एवं व्यवस्थाओं का सूक्ष्मता से निरीक्षण कर आवश्यक नोट्स बनाए। कलेक्टर सिंह व एसपी शर्मा ने अखाड़ों के संतो से चर्चा कर सिंहस्थ 2028 के लिए आवश्यक व्यवस्थाओं एवं प्रयागराज सिंहस्थ की व्यवस्थाओं के बारे में जाना। इस दौरान कलेक्टर सिंह व एसपी शर्मा ने रविंद्र पूरी, दुर्गादास, भगत राम, ज्ञान दास, शंकरानन्द व सभी 13 अखाड़ा प्रमुखों गुरुओं, संत-महंतों से चर्चा कर सिंहस्थ संबंधी आवश्यक व्यवस्थाएं जानीं। कलेक्टर व एसपी ने सिंहस्थ के संचालन एवं बिजली की व्यवस्था, आपातकालीन व्यवस्था, दमकल व्यवस्था, चिकित्सा व्यवस्था, फायर सेफ्टी रेगुलेशन्स, सर्च एंड रेस्क्यू प्लान का सूक्ष्मता से निरीक्षण आपात स्थिति से निपटने के अभियान में शामिल होकर किया।

**मुख्य रूप से इन व्यवस्थाओं को देखा**

अधिकारियों के दौरे का मुख्य फोकस ट्रैफिक, भीड़ प्रबंधन व आपात स्थिति में बचाव का इमरजेंसी प्लान है। इसी के साथ आर्टिफिशल इंटेलिजेंस का उपयोग कर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए निगरानी केंद्र, रुकने व ठहरने की व्यवस्था में होने वाले फ्रॉड्स से श्रद्धालुओं को बचाने के प्लान का अध्ययन भी किया गया।

## जमीन को लेकर सगे भाइयों के बीच चल गए लाठी-डंडे, आधा दर्जन लोग हुए लहूलुहान

मैहर (ए.)। दो गज जमीन की लड़ाई अब लोगों की जान की दुश्मन बनती जा रही है, इसका ताजा उदाहरण मैहर जिले के अमरपाटन में देखने को मिला है। थाना क्षेत्र के ग्राम छैरहा में सोमवार को विश्वकर्मा परिवार के दो सगे भाइयों के बीच जमीन को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्ष ने एक दूसरे की डंडे से जमकर धुनाई कर दी। इस घटना में दोनों पक्ष के आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं, जिसमें से एक महिला और एक पुरुष की हालत गंभीर हो गई। गंभीर हालत में दोनों देवर भाभी को सतना जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

जानकारी के मुताबिक घायल राजकुमार विश्वकर्मा और कौशल विश्वकर्मा दोनो भाइयों के बीच जमीन बटवारे को लेकर पुराना विवाद चला रहा था। आज दोपहर फिर एक बार यह विवाद हुआ और इतना ज्यादा हो गया कि एक दूसरे की जान लेने पर उतारू हो गए।

## विविध-समाचार

### व्यापमं कांड उजागर करने वाले ऋक्क्ष कार्यकर्ता आशीष चतुर्वेदी पर केस दर्ज, सुरक्षा जवानों ने लगाए आरोप



ग्वालियर(ए.)। SAF जवानों से गाली-गलौज और जिंदा जलाने की धमकी देने पर पुलिस ने आरटीआई कार्यकर्ता आशीष चतुर्वेदी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। घटना झांसी रोड थाना क्षेत्र के चंद्रबदनी की है। इस मामले में कई ख़्त्र जवानों ने थाने में शिकायत की है। पुलिस वायरल ऑडियो के आधार पर मामले की जांच में जुट गई है।

बता दें कि न्यू आवासीय परिसर 13 बटालियन निवासी रामू सिंह कुशवाह पुत्र फूलसिंह कुशवाह मूल रूप से भिण्ड के रहने वाले और एसएएफ में पदस्थ है। साल 2022 में उनकी ड्यूटी आरटीआई कार्यकर्ता आशीष चतुर्वेदी की सुरक्षा में लगाई गई थी। उनके साथ ही एएसआई सर्वेश सिंह, आरक्षक नंदकिशोर बोहरे, योगेन्द्र सिंह भी ड्यूटी पर तैनात थे। जहां पर आरटीआई कार्यकर्ता ने उनका सार्वजनिक अपमान कर गाली-गलौज की थी। अपनी शिकायत में रामू कुशवाह ने बताया कि वह तथा उसके साथी चार से पांच माह उसकी तैनाती में रहे। इस दौरान आरटीआई कार्यकर्ता उनसे घरेलू काम करता था और ना करने पर अपमानित करता था, जिससे वह प्रताड़ित रहे और उनकी सामाजिक छवि धूमिल हुई है।

### शादी का झांसा देकर सेल्समैन करता था युवती का शोषण, गर्भपात भी कराया; अब दुष्कर्म का केस दर्ज

छिंदवाड़ा (ए.)। मध्यप्रदेश के गुलाबरा क्षेत्र में एक 25 वर्षीय युवती के साथ शादी का झांसा देकर लंबे समय तक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र मिश्रा (26), जो एक मेडिकल स्टोर का सेल्समैन है, के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

युवती ने बताया कि 6 साल पहले कॉलेज में बीसीए की पढ़ाई के दौरान उसकी पहचान सीनियर धर्मेंद्र मिश्रा से हुई थी। धीरे-धीरे दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और दोस्ती हो गई। आरोपी ने शादी का वादा कर उसके साथ जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। 2021 में आरोपी ने करियर बनाने का बहाना करते हुए शादी की बात टाल दी और युवती को जबरन गोली खिलाकर गर्भपात कराया।

**इंदौर में भी जारी रहा उत्पीड़न**

कॉलेज की पढ़ाई पूरी करने के बाद 2023 में युवती उच्च शिक्षा के लिए इंदौर चली गई। आरोपी वहां भी आता-जाता रहा और शादी का वादा करते हुए उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहा। इंदौर में गर्भवती होने पर आरोपी ने धमकी देकर एक निजी अस्पताल में फिर से उसका गर्भपात कराया। पीड़िता की शिकायत के बाद कोतवाली पुलिस ने धर्मेंद्र मिश्रा के खिलाफ दुष्कर्म और अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। युवती ने आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

## जंगल से काट कर ला रहे थे सागौन, वन विभाग ने पकड़ा, 49 लट्ठे जब्त



उमरिया(ए.)। उमरिया में पेड़ों की अवैध कटाई करने का मामला सामने आया है। यहां पर तस्करों ने सागौन के पेड़ों की कटाई की। कटे पेड़ों को वन विभाग की नजरों से बचाकर रात में बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। तभी वन पुलिस ने तस्करों को रंगे हाथों पकड़ लिया।

दरअसल सागौन के पेड़ों की कटाई और परिवहन की सूचना वन विभाग की टीम को मुखबिर के माध्यम से लगी। इसके बाद चौकसी बढ़ाई गई। वन माफिया ने चौकसी को देखते हुए अपना रास्ता बदल लिया। कच्चे मार्ग से सौगोन से भरे वाहन को निकालने की कोशिश की गई। लेकिन घटना स्थल के पास सड़क पर ऊंची चढ़ाई होने की वजह से मेटाडोर अनियन्त्रित होकर पलट गई। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। घटना स्थल से चालक और दूसरे लोग फरार हो गए। ऐसे में वन विभाग की टीम ने सागौन से भरी मेटाडोर को जब्त कर लिया। इसमें 3.30 घन मीटर सागौन रखी है। इसकी अनुमानित कीमत दो लाख रूपए से अधिक बताई जा रही है। उमरिया जिले का ये पहला मामला नहीं है यहां ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जहां अवैध लड़कियों का परिवहन किया जाता है। मेटाडोर को उमरिया के वन विकास निगम कार्यालय में खड़ा किया गया है। इसमें 49 लट्ठे रखे हुए हैं।

## महाकाल मंदिर की सुरक्षा में चूक, गर्भगृह में घुसा युवकज्गर्भगृह निरीक्षक और नंदी हॉल प्रभारी को नोटिस

उज्जैन (ए.)। महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश पर प्रतिबंध होने के बावजूद सोमवार को एक युवक बिना अनुमति गर्भगृह में प्रवेश कर गया। गर्भगृह के आसपास खड़े मंदिर के कर्मचारी और पुजारी हड़बड़ा गए। उन्होंने युवक को पकड़कर गर्भगृह से बाहर निकाल दिया।

मामले की जानकारी मिलते ही मंदिर प्रशासक अनुकूल जैन ने लापरवाही बरतने पर मंदिर के दो कर्मचारियों को नोटिस जारी किया है। सुरक्षा में तैनात क्रिस्टल कंपनी के दो गार्ड्स को सेवा से हटाने के लिए पत्र लिखा है। फिलहाल, युवक को महाकाल थाने भेजा गया है। उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

**कब की है घटना**

घटना सोमवार सुबह 8 बजकर 24 मिनट की है। मंदिर में पूजा चल रही थी। इसी दौरान एक युवक देहरी पर दर्शन करता हुआ सीधे गर्भगृह में पहुंच गया।

## इंदौर की नहीं, महेश्वर की रहने वाली है हसीन आंखों वाली मोनालिसा, कुंभ से लौटने की बात भी झूठी






महेश्वर(ए.)। वायरल गर्ल मोनालिसा महेश्वर की रहने वाली है। मोनालिसा का पूरा परिवार कई सालों से यहां रह रहा है। फिलहाल तो सभी लोग महाकुंभ में गए हैं, पर घर पर उसके दादा रहते हैं।

महाकुंभ प्रयागराज में खूबसूरत आंखों के जरिए वायरल गर्ल मोनालिसा मध्य प्रदेश के महेश्वर की रहने वाली है। वह अपने कई वीडियो में खुद को इंदौर का बता रही है, पर उसके पीछे भी अलग वजह है। वहीं मोनालिसा की कुंभ से मप्र लौटने की खबर भी झूठी निकली है, इसकी पुष्टि उसके भाई जय भोसले ने की है।

बता दें कि16 साल की वायरल गर्ल मोनालिसा महेश्वर की रहने वाली है। मोनालिसा का पूरा परिवार कई सालों से यहां रह रहा है। फिलहाल तो सभी लोग महाकुंभ में गए हैं, पर घर पर उसके दादा रहते हैं। दादा लक्ष्मण भोसले बताते हैं कि वे यहां कई वर्षों से रह रहे हैं। घर की ओर इशारा करते बताते हैं कि मोनालिसा का घर ये है और वो मेरी पोती है। मैं उसका दादा हूं। मोनालिसा की बात करते हुए उन्होंने चिंता भी जताई कि बच्ची वहां परेशान है। कोई उसे माला बेचने भी नहीं दे रहा, हर कोई कैमरा लेकर उसके पीछे लगे रहते हैं, उससे वो परेशान है। उसके पिता विजय सिंह भोसले उसे दिलासा दे रहे हैं कि वे उसे मप्र वापस ले चलते हैं।

मोनालिसा के पड़ोसियों का कहना है कि मोनालिसा सबको इंदौर का रहने वाला बता रही है, पर असल बात ये है कि महेश्वर छोटी जगह है और इंदौर को पूरा देश जानता है. तो नजदीक के शहर का नाम ले रही है।

# व्यापार समाचार

## सोने की कीमतों में गिरावट, चांदी के बढ़े दाम

**- सोना 78,900 रुपये प्रति दस ग्राम, चांदी 91,700 रुपये के करीब**



नई दिल्ली (ए.)। इस सप्ताह के पहले दिन सोमवार को सोने के वायदा कारोबार की शुरुआत सुस्ती के साथ हुई, जबकि चांदी के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। सोमवार को सोने के वायदा भाव 78,900 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 91,700 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। वैश्विक बाजार में सोना सुस्ती और चांदी तेजी के साथ कारोबार कर रही हैं। सोने के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क फरवरी कॉन्ट्रेक्ट 41 रुपये की गिरावट के साथ 78,882 रुपये के भाव पर खुला। इस समय यह 130 रुपये की गिरावट के साथ 78,893 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 78,855 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 78,990 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने पिछले साल 79,775 रुपये के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 397 रुपये की तेजी के साथ 91,999 रुपये पर खुला। इस समय यह 84 रुपये की तेजी के साथ 91,686 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 91,265 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 91,999 रुपये के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। पिछले साल चांदी के वायदा भाव ने 1,00081 रुपये किलो के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत सुस्त रही। हालांकि चांदी के वायदा भाव बाद में तेजी के साथ कारोबार करने लगे। है। कॉमेक्स पर सोना 2,739.60 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,748.70 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 3.80 डॉलर की सुस्ती के साथ 2,744.90 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 31.08 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 31.14 डॉलर था। इस समय यह 0.05 डॉलर की तेजी के साथ 31.19 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## 2024 में अरबपतियों की संपत्ति तीन गुना तेजी से बढ़कर 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हुई, रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली (ए.)। दुनिया भर में अरबपतियों की संपत्ति 2024 में 2 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर बढ़कर 15 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर हो जाएगी, जो पिछले साल की तुलना में तीन गुना अधिक है। ऑक्सफैम की ओर से सोमवार को जारी एक अध्ययन में यह बात कही गई है।

विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के पहले दिन हर साल जारी की जाने वाली अपनी प्रमुख असमानता रिपोर्ट में, ऑक्सफैम इंटरनेशनल ने अरबपतियों की संपत्ति में भारी उछाल और गरीबी में रहने वाले लोगों की संख्या में 1990 के बाद से कोई खास बदलाव नहीं आने की तुलना की है।

ऑक्सफैम ने कहा कि 2024 में एशिया




में अरबपतियों की संपत्ति में 299 अरब अमेरिकी डॉलर की वृद्धि होगी। साथ ही उसने भविष्यवाणी की है कि एक दशक के भीतर कम से कम पांच खरबपति होंगे। वर्ष 2024 में 204 नए अरबपति बने- औसतन हर सप्ताह लगभग चार। रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष एशिया में अकेले 41 नए अरबपति बने।

'टेकर्स, नॉट मेकर्स' शीर्षक वाली अपनी रिपोर्ट में ऑक्सफैम ने कहा कि ग्लोबल नॉर्थ के सबसे अमीर 1 प्रतिशत लोग 2023 में वित्तीय प्रणालियों के माध्यम से ग्लोबल साउथ से प्रति घंटे 30 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई की। इसमें आगे कहा गया है कि अरबपतियों की 60 प्रतिशत संपत्ति अब विरासत, एकाधिकार शक्ति या क्रोनी संबंधों से प्राप्त होती है, जो दर्शाता है कि "अरबपतियों की अत्यधिक संपत्ति काफी हद तक वैध नहीं है।"

ऑक्सफैम ने दुनिया भर की सरकारों से असमानता को कम करने, अत्यधिक धन-संपदा को समाप्त करने तथा नए अभिजाततंत्र को समाप्त करने के लिए सबसे अमीर लोगों पर कर लगाने का आग्रह किया।

## शेयर बाजार की मजबूत शुरुआत

**- सेंसेक्स 76,630 पर स्थिर, निफ्टी 23,290.40 के स्तर पर**




मुंबई (ए.)। भारतीय शेयर बाजार के बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी 50 ने सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार को मिलेजुले वैश्विक संकेतों के बीच मजबूती के साथ शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बीएसई सेंसेक्स 359.20 अंकों की बढ़त के साथ 76,978.53 पर खुला। वहीं निफ्टी 50 87.20 अंकों की तेजी के साथ 23,290.40 के स्तर पर दिन के कारोबार की शुरुआत की। हालांकि भारतीय बाजार में शुक्रवार को गिरावट रही। शुक्रवार को शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। बीएसई सेंसेक्स 403.24 अंक गिरकर 76,639.58 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी50 में 108.60 अंक की गिरावट दर्ज की गई और यह 23,203.20 पर बंद हुआ। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने 17 जनवरी को 3,318.06 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इसके विपरीत घरेलू संस्थागत निवेशकों ने 2,572.88 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। बाजार खुलने के बाद 30-स्टॉक बीएसई सेंसेक्स में 17 स्टॉक्स बढ़त पर कारोबार करते दिखे। कोटक महिंद्रा बैंक ने 7.23 फीसदी की तेजी के साथ बढ़त बनाई, जबकि एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फाइनेंस, और भारती एयरटेल भी बढ़ने वाले प्रमुख स्टॉक्स में शामिल हुए।

## भारत को गुलाम बनाने से हुई आधी कमाई ब्रिटेन के 10 प्रतिशत अमीरों की जेब में गई, सामने आए आंकड़े

नई दिल्ली (ए.)। ब्रिटेन ने भारत पर 1765 से 1947 के दौरान करीब 200 वर्षों तक राज किया। इस दौरान भारत से अंग्रेजों ने करीब 64.82 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई की जिसमें 33.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर देश के सबसे अमीर 10 प्रतिशत लोगों की जेब में गई। यह इतनी रकम थी कि ब्रिटिश पाउंड के 50 के नोटों से लंदन को लगभग चार बार ढंका जा सकता था। यह जानकारी एक रिपोर्ट में सामने आई है।



यह रिपोर्ट ऑक्सफैम इंटरनेशनल की नवीनतम प्रमुख वैश्विक असमानता रिपोर्ट का हिस्सा है, जो हर साल विश्व आर्थिक मंच की वार्षिक बैठक के पहले दिन जारी की जाती है। 'टेकर्स, नॉट मेकस' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट, विश्व भर के धनी और शक्तिशाली लोगों की वार्षिक बैठक शुरू होने से कुछ घंटे पहले सोमवार को दावोस में जारी की गई। इस रिपोर्ट में कई अध्ययनों और शोध पत्रों का हवाला देते हुए दावा किया गया है कि आधुनिक बहुराष्ट्रीय कंपनियां केवल उपनिवेशवाद की देन हैं। रिपोर्ट में कहा गया, "ऐतिहासिक उपनिवेशवाद के समय में व्याप्त असमानता और लूट की विकृतियां, आधुनिक जीवन को आकार दे रही हैं।"

## रुपया बढ़त के साथ बंद

मुंबई (ए.)। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले सोमवार को भारतीय रुपय 6 पैसे की बढ़त के साथ 86.54 पर बंद हुआ। आज सुबह घरेलू शेयर बाजारों और एशियाई मुद्राओं में सकारात्मक रुख से रुपया शुरुआती कारोबार में 14 पैसे की बढ़त के साथ 86.46 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि डॉलर सूचकांक के उच्च स्तर पर होने के साथ-साथ कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें बाधाएं उत्पन्न कर रही हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 86.48 प्रति डॉलर पर खुला और फिर डॉलर के मुकाबले 86.46 पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से 14 पैसे की बढ़त दिखाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 86.60 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ 109.10 पर रहा। अंतरराष्ट्रीय मानक ब्रेंट क्रूड 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ 80.69 डॉलर प्रति बैरल के भाव पर रहा।

## ट्रंप की वापसी 2025 में वैश्विक अर्थव्यवस्था को किस ओर ले जाएगी? जानकारों की राय से समझें




मुंबई (ए.)। डोनाल्ड ट्रंप दूसरी बार अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गए हैं। वे 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ लेने वाले हैं। दूसरी बार, राष्ट्रपति बनने के बाद उनकी घोषणाएं क्या होंगी, इस बारे कुछ कहा नहीं जा सकता है। वे कहां पर कर बढ़ाएंगे या कौन से ऐसे देश होंगे जो उनके निशाने पर होंगे, इस पर कयास लगने शुरू हो गए हैं। वे युद्ध को लेकर कई फ्रंट खोलेगे या शांति को बढ़ावा देंगे। यह एक बड़ा सवाल है, जो दुनिया भर में आम लोगों, उद्योगपतियों और दिग्गजों के जहन में है।

**ट्रंप की वापसी वैश्विक अर्थव्यवस्था को दे सकती है नया आकार**

देश के उद्योगपति आदित्य बिड़ला समूह के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला ने 'ट्रम्प फैक्टर' को एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में पहचानते हुए इसे 2025 में वैश्विक भू राजनीति और इकोनॉमी को नया आकार देने वाला कहा है।

## देश की पहली प्रोटोटाइप एयर टैक्सी आटो एक्सपों में हुई पेश



नई दिल्ली (ए.)। देश की पहली प्रोटोटाइप एयर टैक्सी को भारत मोबिलिटी ग्लोबल एक्सपो 2025 में पेश किया गया। इस टैक्सी का नाम शून्य रखा गया है। इस लक्ष्य के लिए प्रिसिजन मैन्युफैक्चरिंग फर्म सोना एसपीईईडी ने बेंगलुरु स्थित सरला एविएशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। सरला एविएशन भारत के सबसे बेहतरीन इलेक्ट्रिक वर्टिकल टेक-ऑफ और लैंडिंग (ईवीटीओएल) विमान विकसित करती है। केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने सरला एविएशन बूथ का दौरा किया और उड़ने वाली टैक्सी के प्रोटोटाइप में दिलचस्पी दिखाई और इसे ऐतिहासिक बताया। सोना एसपीईईडी मोटर्स इसरो के कई अंतरिक्ष मिशनों का हिस्सा रही है। यह समझौता सोना एसपीईईडी को देश में अर्बन एयर मोबिलिटी में क्रांति लाने में एक प्रमुख भागीदार के रूप में स्थापित करता है।



## बैटरी इलेक्ट्रिक कार ईवितारा का भव्य अनावरण


नई दिल्ली (ए.)। ऑटो एक्सपो में अपनी पहली बैटरी इलेक्ट्रिक कार ईवितारा का मारुति सुजुकी इंडिया ने भव्य अनावरण किया। इस कार को कंपनी ने अपने वैश्विक रणनीतिक बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन के रूप में पेश किया है। इस कार का निर्माण भारत में किया जाएगा और इसे यूरोप, जापान समेत 100 से अधिक देशों में निर्यात किया जाएगा। सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन के प्रेसिडेंट तोशीहिरो सुजुकी ने इसे भारत के लिए गेम-चेंजर बताते हुए कहा कि भारत इस मॉडल का ग्लोबल प्रोडक्शन हब बनेगा। उन्होंने बताया कि उत्पादन मारुति सुजुकी के गुजरात प्लांट में शुरू होगा। ईवितारा दो बैटरी विकल्पों के साथ उपलब्ध होगी, 49केडब्ल्यूएच और 61केडब्ल्यूएच, जो एक बार चार्ज होने पर लगभग 500 किलोमीटर की रेंज प्रदान करेगी। कार के इंटीरियर में प्रीमियम डुअल-टोन थीम का इस्तेमाल किया गया है। इसमें सॉफ्ट-टच अपहोल्स्ट्री, टचस्क्रीन डिस्प्ले, फ्री-स्टैंडिंग इंस्ट्रूमेंट पैनल और सेंट्रल कंसोल पर फिजिकल बटन दिए गए हैं। अन्य फीचर्स में फ्लैट बॉटम स्टीयरिंग व्हील, रोटरी गियर नॉब, 360-डिग्री कैमरा और कनेक्टेड कार टेक्नोलॉजी शामिल हैं।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## एचएमपीवी वायरस की दहशत

कर्नाटक में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस यानी एचएमपीवी के दो मामलों की पुष्टि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा की गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार तीन महीने की बच्ची को ब्रोंकोन्यूमोनिया की शिकायत थी, जांच में एचएमपीवी संक्रमित होने का पता चला।दूसरा आठ महीने का शिशु इससे संक्रमित पाया गया। हालांकि दोनों मरीजों की अंतरराष्ट्रीय यात्रा का कोई इतिहास नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि वर्तमान आंकड़ों से पता चला गंभीर तीव्र सन बीमारी के मामले में कोई असामान्य वृद्धि नहीं पाई गई।सरकार की संक्रमण के मामलों पर गंभीर नजर बताई जा रही है। कोविड-19 महामारी के विश्व को चपेट में लेने के पांच सालों बाद एचएमपीवी वायरस के चीन में तेजी से फैलने की खबरों की दहशत के असर का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि शेयर बाजार में जबरदस्त गिरावट आ गई। एचएमपीवी संक्रमित मरीजों के संपर्क में आने से यह वायरस फैल रहा है। संक्रमित के खांसने-छींकने, छूने और हाथ मिलाने से यह बढ़ रहा है। इस संक्रमण की खोज 2001 में की जा चुकी है। यह रेस्पेरेटरी संकाइटियल वायरस के साथ न्यूमोविरिडे का भी हिस्सा बताई जा रही है। चीन समेत नीदरलैंड, फिनलैंड, ब्रिटेन, अमेरिका और ऑस्ट्रेलिया में 2023 में इसके संक्रमित मिल चुके हैं।भारत सरकार का कहना है कि मौसम को देखते हुए यह स्थिति असामान्य नहीं है। सरकार ने वायरस की गंभीरता को भांपते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन से चीन की स्थिति के विषय में अपडेट देने को भी कहा है। विशेषज्ञ इसे अभी जानलेवा वायरस नहीं बता रहे हैं जो छोटे बच्चों में आम है। जिन्हें अस्थमा है या फेफड़ों से संबंधी कोई गंभीर बीमारी है, उन्हें चेतावनी दी गई है। इससे बचाव के लिए लगातार हाथ धोने, मास्क पहनने तथा रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले खाद्य पदार्थों के सेवन की सलाह दी जा रही है।एंटी वायरल दवाएं बगैर चिकित्सकीय सलाह के लेने के प्रति चेतावनी भी दी गई है। कोविड संक्रमण से खौफजदा लोगों में आकस्मिक भय व्याप्त है, जिसे दूर करने की जिम्मेदारी मीडिया और चिकित्सकों को गंभीरता से निभानी चाहिए।शेयर बाजार का गिरना और कोविड की पुरानी तस्वीरों/वीडियो को वायरल कर दहशत फैलाने वालों को भी चेतावनी दी जानी चाहिए। जब तक स्थिति स्पष्ट नहीं हो जाती, बेवजह लॉकडाउन लगाने या रोजमर्रा की जरूरी चीजों को जमा करने की सलाह जैसी दहशत फैलाना कतई अनुचित है।


सोपोर के जालोरा इलाके में मुठभेड़ स्थल के पास सुरक्षाकर्मी सतर्क हैं.

# उम्मीद से अधिक हुई फसल सुनहरे कल की उम्मीदों पर पानी फेर देती है

**पंकज चतुर्वेदी**

झारखंड के लातेहार जिले में बालूमाथ और बारियातू के इलाके दो किस्म के टमाटर की खेती के लिए मशहूर हैं-एक है मोटे छिलके वाला गुलशन जिसका इस्तेमाल सब्जी विशेष तौर पर सलाद के रूप में किया जाता है। वहीं सलेक्शन नामक किस्म के टमाटर के छिलके की परत नरम होती है।

इसका इस्तेमाल सब्जी, चटनी और टोमैटो कैचअप के लिए किया जाता है। कुछ साल पहले तक टमाटर की लाली यहां के किसानों के गालों पर भी लाली लाती थी, लेकिन इस साल हालत यह है कि फसल तो बंपर हुई लेकिन लागत तो दूर, तोड़ कर मंडी तक ले जाने की कीमत तक नहीं निकल रही। रामगढ़, हजारीबाग, लोहरदग्गा में जिन किसानों ने टमाटर उगाए या फिर पत्ता या फूल गोभी या फिर पालक, वे ट्रैक्टर से रौंद कर अपनी खड़ी फसल खुद ही चौपट कर रहे हैं।

गोभी के दाम हैं दो से चार रु पये तो टमाटर के हैं दो रु पये। इतने में तुड़ाई भी निकलती है, फिर मंडी तक कौन ले जाए। उत्तर प्रदेश के सोनभद्र जिले के हरवाई गांव में सुर्ख लाल टमाटर की फसल पर रोटवेलर चला कर गेहूं बोए जा रहे हैं। यहां किसानों ने 15 हजार रु पये बीघा पर खेत किराये पर लिए, फिर टमाटर बोए। पिछले महीने तो 400 रुपयेक्रेट (25 किलो) एक बार बिका। फिर दाम 60 से 100 रु पयेक्रेट गिर गए। अब 30 रुपये क्रेट तुड़ाई, 15 रुपये मंडी के पल्लेदार को, फिर परिवहन। आखिर, किसान कितना घाटा सहे! मध्य प्रदेश के बड़वानी में टमाटर मवेशी खा रहे हैं। दिल्ली और उसके आसपास भले ही बाजार में टमाटर के दाम 40 रुपये किलो हों लेकिन टमाटर उगाने के लिए मशहूर देश के विभिन्न जिलों में टमाटर कूड़े में पड़ा है। छत्तीसगढ़ के टमाटर किसान तो जलवायु परिवर्तन की अजब मार झेल रहे हैं, और उन्हें फसल खेत में नष्ट करनी पड़ रही है।

दुर्ग जिले में पहले तो चक्रवाती तूफान के चलते कोई 15 दिन बदली हुई, फिर अचानक जाड़ा बढ़ गया। इससे टमाटर तेजी से पकने लगे। जब पके टमाटर की आवक ज्यादा हुई तो दाम गिर गए। यहां प्रायः इतनी ठंड



पड़ती नहीं। अब टमाटर समय से पहले पक रहे हैं, न तोड़ो तो गिर जाते हैं। मजबूर किसान फसल नष्ट कर रहा है। करीबी राज्य तेलंगाना और आंध्र प्रदेश के हालात भी अलग नहीं हैं। यहां मेडक के शिवमपेट में टमाटर की तैयार फसल को आग लगाने की सैकड़ों घटनाएं हो चुकी हैं। विदित हो टमाटर 15-27 डिग्री के बीच के तापमान में सबसे अच्छे से उगते हैं तथा इसके लिए माकूल औसत मासिक तापमान 21-23 होता है। 32 डिग्री से अधिक तापमान फल लगने और उसके विकास पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकता है। दक्षिणी राज्यों में जलवायु परिवर्तन से प्रभावित टमाटर की खेती में सफेद फंगस और पत्ती में छेद करने वाले कीट की दिक्कत ने पहले से ही कीटनाशक का खर्च बढ़ाया था। फसल अच्छी हो गई तो बाजार में दाम नहीं मिलने से किसान कर्ज में दब गया। हालांकि न तो यह पहली बार हो रहा है, और न ही टमाटर के साथ हो रहा है।

उम्मीद से अधिक हुई फसल सुनहरे कल की उम्मीदों पर पानी फेर देती है-घर की नई छप्पर, बहन की शादी, माता-पिता की तीर्थ-यात्रा; न जाने ऐसे कितने ही सपने वे किसान सड़क पर कैशक्रॉप' कहलाने वाली फसल के साथ फेंक आते हैं। साथ होती है तो केवल एक चिंता-खेती के लिए बीज, खाद के लिए लिए गए कर्ज को कैसे उतारा जाए? पूरे देश की खेती-किसानी अनियोजित, शोषण की शिकार और किसान विरोधी है। तभी हर साल देश के कई हिस्सों में अफरात फसल को सड़क पर फेंकने और कुछ ही महीनों बाद उसी फसल के लिए त्राहि-त्राहि की घटनाएं होती रहती हैं। किसान मेहनत कर सकता है, अच्छी फसल दे सकता है, लेकिन सरकार में बैठे लोगों को भी उसके परिश्रम के माकूल दाम, अधिक माल के सुरक्षित भंडारण के बारे में सोचना चाहिए। हर दूसरे-तीसरे साल कर्नाटक में कई जिलों के किसान अपने तीखे स्वाद के लिए मशहूर हरी मिर्च को सड़क पर लावारिस फेंक कर अपनी हताशा का प्रदर्शन करते हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में कभी टमाटर तो कभी अंगूर, कभी मूंगफली तो कभी गोभी किसानों को ऐसे ही हताश करती है। दिल्ली से सटे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में आए साल आलू की टनों फसल बगैर उखाड़े मवेशियों को चराने की घटनाएं सुनाई देती हैं। आश्चर्य इस बात का होता है कि जब हताश किसान अपने ही हाथों अपनी मेहनत को चौपट कर रहा होता है, तो गाजियाबाद, नोएडा, या दिल्ली में आलू के दाम पहले की ही तरह तने दिखते हैं। राजस्थान के सिरोही जिले में जब टमाटर मारा-मारा घूमता है तभी वहां से कुछ किमी. दूर गुजरात में लाल टमाटर के दाम ग्राहकों को लाल किए रहते हैं। सरकारी और निजी कंपनियां सपने दिखा कर ज्यादा फसल देने वाले बीजों को बेचती हैं, जब फसल बेहतरीन होती है तो दाम इतने कम मिलते हैं कि लागत भी न निकले। दुर्भाग्य है कि कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था वाले देश में कृषि उत्पाद के न्यूनतम मूल्य, उत्पाद खरीदी, बिचौलियों की भूमिका, किसान को भंडारण का हक, फसल-प्रबंधन जैसे मुद्दे गौण दिखते हैं, और यह हमारे लोकतंत्र की आम आदमी के प्रति संवेदनहीनता का प्रमाण है। सब्जी, फल और दूसरी कैश-क्रॉप को बगैर सोचे-समझे प्रोत्साहित करने के दुष्परिणाम दाल, तेल-बीजों (तिलहनों) और अन्य खाद्य पदाथरे के उत्पादन में संकट की सीमा तक कमी के रूप में सामने आ रहे हैं।

# विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान

**गिरीश चन्द्र पाण्डे**

इस बार 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का आयोजन 8-10 जनवरी, 2025 तक ओडिशा सरकार के साथ साझेदारी में किया गया। भुवनेर में संपन्न इस 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन में 75 देशों से लगभग छह हजार भारतवंशियों ने शिरकत की।

विदेश मंत्री डा. एस. जयशंकर ने इस मौके पर लैंगिक समानता और महिला विकास को भारत की विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय संबंधों का अभिन्न अंग बताया। उनका यह कहना भी सही था कि ओडिशा में प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन की मेजबानी केंद्र सरकार की पूर्वोदय' नीति को दर्शाती शर्ती है, जो पूर्वी भारत के विकास और सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करती है।

गौरतलब है कि प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन केंद्र सरकार का महत्त्वकपूर्ण कार्यक्रम है, जिसे 9 जनवरी को महात्मा गांधी के 1915 में दक्षिण अफ्रीका से भारत लौटने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

दरअसल, प्रवासी भारतीय सम्मेलन की अवधारणा पूर्व प्राधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के मस्तिष्क की उपज थी जिसकी शुरु आत उन्होंने 17 वर्ष पहले की थी। वाजपेयी को उस वक्त प्रवासी भारतीयों की बहुत याद आई जब 1998 में पोखरण में परमाणु विस्फोट के बाद अमेरिका और उसके साथी देशों ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंध लगा दिया था। भारत ने इस मुसीबत से छुटकारा पाने के लिए विदेशों में रहने वाले भारतीय समुदाय से अनुरोध किया कि वह भारत की मदद करें ताकि भारत को अमेरिका और उसके साथी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंधों का कम से कम असर पड़े।

वाजपेयी का यह संदेश राजदूतावासों और उच्चायोग के माध्यम से प्रवासी भारतीयों तक पहुंचाया गया। परिणाम यह हुआ कि भारत के कोष विदेशी मुद्रा से भर गए। गौर करने योग्य है कि भारत 2010 (53.48 बिलियन डॉलर), 2015 (68.91 बिलियन डॉलर) और 2020 (83.15 बिलियन डॉलर) में प्रेषण प्राप्त करने वाला शीर्ष देश था। विश्व प्रवासन रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2022 में भारत को 111 बिलियन डॉलर से अधिक का प्रेषण प्राप्त हुआ जो विश्व में सबसे अधिक है और इस प्रकार भारत 100 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने वाला पहला देश बन गया था।

इस बार के सम्मेलन का विषय था-विकसित भारत में प्रवासी भारतीयों का योगदान'। राज्य सरकार ने युवा कार्य एवं खेलकूद मंत्रालय के सहयोग से आयोजन किया था। सम्मेलन की खास बात त्रिनिदाद और टोबैगो के राष्ट्रपति क्रिस्टीनन कार्ला कैंगलू की मौजूदगी रही जिन्होंने सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर वर्चुअल रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने संबोधन में अन्य बातों के साथ-साथ तीन महत्त्वपूर्ण बातें कहीं। पहली, भविष्य युद्ध में नहीं, बुद्ध में निहित है।

दूसरी, भारत लोकतंत्र की जननी ही नहीं, बल्कि जीवन का हिस्सा है। तीसरी, 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में प्रवासी भारतीयों की निर्णायक भूमिका है। भारत की विभिन्न क्षेत्रों में चहुंमुखी विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए मोदी का कहना था कि आज भारत मेड इन इंडिया फाइटर जैट बना रहा है। ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट बना रहा है और वो दिन भी दूर नहीं जब मेन इन इंडिया प्लेन से ही प्रवासी भारतीय दिवस मनाने भारत आएंगे। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्म ने समापन सत्र में विभिन्न क्षेत्रों में भारतीय प्रवासियों की उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए प्रवासी भारतीय सम्मान भी प्रदान किया। सऊदी अरब के भारतीय चिकित्सक डॉ. सैयद अनवर खुर्शीद को प्रवासी भारतीय सम्मान पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया।

यह भारत सरकार द्वारा प्रवासी भारतीयों को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है। निस्संदेह प्रवासी भारतीय सम्मेलन से जहां भारत और प्रवासी समुदाय के बीच साझा पहचान को बढ़ावा मिलता है, वहीं उनमें आपसी सम्बन्ध मजबूत बनते हैं, और वे अपनी माटी से जुड़ कर गौरव अनुभव भी करते हैं, लेकिन इससे भी इंकार नहीं किया जा सकता कि प्रवासन के बदलते परिदृश्य में प्रवासी भारतीयों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए ठोस प्रयास जरूरी हैं।

किसी भी तरह श्रमिकों का शोषण न हो और सामाजिक सुरक्षा से जुड़े मुद्दों का समाधान करने की जरूरत है। यह भी सुनिश्चित करने की जरूरत है कि भारतीय कामगारों के लिए सुरक्षित-व्यवस्थित प्रवासन मार्ग संभव हो सके। यह समावेशी विकास की पहली शर्त भी है। सरकार के अलावा हर भारतीय का भी नैतिक दायित्व बनता है कि विदेशों में कामगारों के हितों की रक्षा के साथ ही भारत में रह रहे उनके परिवारों का भी विशेष ख्याल रखा जाए जिससे उनका देश के प्रति लगाव और गहरा हो सके। फिलहाल जो हालात हैं, उनमें वैश्विक श्रम की गतिशीलता भारत की आर्थिक कूटनीति की प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत के हितों की रक्षा की जानी चाहिए जहां संरक्षणवाद तेजी से बढ़ रहा है।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। भावनाओं में बहकर बिना सोचे-समझे किसी के साथ प्रॉमिस न करें। किसी रिश्तेदार की व्यक्तिगत समस्याओं को सुलझाने में आपका योगदान रहेगा। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर में सक्सेस पाने के लिए प्लानिंग करेंगे इससे आपको आने वाले दिनों में फायदा होगा। आपको नौकरी का ऑफर मिल सकता है।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। यह समय प्रेम भाव से अपना काम बनाने का है ऐसे में किसी से भी वाद-विवाद करने से बचे। आज किसी भी यात्रा का प्रोग्राम न बनाएं, क्योंकि समय व्यर्थ होने के अलावा और कुछ हासिल नहीं होगा। दूसरों के मामले में हस्तक्षेप ना करके अपनी गतिविधियों पर ही ध्यान दें। किसी भी प्रकार का निर्णय लेने से पहले अच्छी तरह सोच-विचार अवश्य करें। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। दूसरे का विश्वास न तोड़ें। हर काम ईमानदारी से करते रहें। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए। जिस व्यक्ति की आपने कभी मदद की थी वह आज आपके काम आएगा।

कर्क राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज जीवन में एक नया दृष्टिकोण लेकर आएंगे, जिससे आपमें सकारात्मक बदलाव आएगा। आर्थिक स्थिति में अच्छे बदलाव रहेंगे। ऑफिस में कुछ सहकर्मी आपका विरोश कर सकते हैं, सबके साथ ताल-मेल बनाकर रखें।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। दूसरों की बातों में आने की बजाय खुद के विवेक से कम लेना होगा, इससे आप बेहतर निर्णय ले पाएंगे। घर में उचित व्यवस्था बनाए रखने की कोशिश कामयाब होगी। विद्यार्थियों को निरंतर अध्ययन का उचित परिणाम हासिल होगा। दांपत्य जीवन में सरसता बनी रहेगी।

कन्या राशि:आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज व्यवसाय में बहुत अधिक व्यस्तता बनी रहेगी। विभिन्न स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा। परंतु किसी भी प्रकार का डिसीजन लेने से पहले उस पर अच्छी तरह सोच-विचार अवश्य करें। सरकारी नौकरी में किसी दूसरे डिपार्टमेंट में जाना पड़ सकता है। किसी कारण आपकी जिम्मेदारी बढ़ सकती है।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपका ध्यान केवल और केवल अपने काम के प्रति रहेगा, इसके लिए आप कठोर परिश्रम भी करने के लिए तैयार रहेंगे। आप ज्यादा लोगों से जुड़े रहेंगे, लोग आपसे से प्रभावित होंगे। सरकार अथवा उच्च अधिकारियों से आपको लाभ प्राप्त होगा। सकारात्मक सोच ज़िंदगी में ग़ज़ब का जादू कर सकती है। आज आप अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए योजनाएँ बनाने की कोशिश करेंगे।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कम्यूनिकेशन की क्षमता से दूसरो को प्रभावित करेंगे। आज दोस्तों के साथ शॉपिंग पर जा सकते हैं। बस अपने ख़र्चों पर थोड़ी नज़र रखें। अगर किसी प्रकार की उलझन मन में चल रही है तो आज अपने दोस्त से शेयर करेंगे। समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। स्टूडेंट्स के लिए आज का दिन अच्छा है। आज आपके सामने कई तरह के काम होंगे हर काम चतुराई से करें।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आपकी मेहनत और व्यवस्थित रहने से व्यवसायिक समस्याएं काफी हद तक दूर होंगी। अगर सरकारी काम रुका हुआ है, तो किसी अधिकारी की मदद से पूरा हो जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारी कर रहे छात्रों को जल्दी ही सफलता मिलने वाली है। नौकरी में स्थिति यथावत ही रहेगी। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी।

मकर राशि: आज आपका दिन बेहतरीन है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। पिछले कुछ समय से जिन लोगों के साथ आपकी अनबन चल रही है, तो आज दूर हो जाएगी । आपको अपने गुण और अपने काम के कारण तारीफ मिलेगी। दिनभर आप में कॉन्फिडेंस ज्यादा रहेगा।

कुंभ राशि:आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं, इससे समाधान मिलेगा। आज आप जितनी मेहनत करेंगे, आने वाले दिनों में आपको उतना ही फायदा होगा आज आप अपने दोस्तों के साथ शाम को डिनर पर जा सकते है। आज स्टूडेंट्स किसी विषय में अपने भाई की मदद ले सकते है।

मीन राशि: आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आज किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का योग बन रहा है। जो लोग नया व्यापार शुरू किये है या नौकरी जॉइन किये हैं उनके लिए अनुकूल समय है। जमीन-जायदाद सम्बन्धी मामलों में फैसला आपके पक्ष में आएगा।

### मुझको भैयाजी माफ़ करना - गलती मारे से हो गई

# गलती हो जाने पर क्षमा मांगना हर समस्या का तर्कसंगत समाधान है

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारतीय सभ्यता, संस्कृति, मूल्यों मर्यादा और आध्यात्मिकता की सजगता दुनियाँ में कहीं नहीं है हमारी सभ्यता के अनेक मोतियों में से एक क्षमां मांगना है बड़े बुजुर्गों का कहना है जो क्षमा करता है पुरानी बातों को भूल जाता है वही सबसे बड़ा दानी है क्योंकि क्षमादान जैसा कोई दान नहीं यहवैचारिक शक्ति है भारतीय सभ्यता की !साथियों बात अगर हम हमारे आज के विषय वस्तु क्षमा मांगने की करें तो, क्षमा करने के सुनहरे नियम के साथ-साथ एक पहलू यह भी है कि हमसे अगर गलती हो जाए तो हमें शांत स्वभाव से अपनी गलती को स्वीकार कर लेना चाहिए और माफी मांगनी चहिए, क्योंकि हमेशा याद रखें कि माफी मांगने से हमेशा रिश्ते मजबूत ही होंगे, दो लोगों के बीच कभी बैर नहीं होगा। माफ करने या माफी मांगने की आदत से यह मालूम पड़ता है कि व्यक्ति तुच्छ भावों के मुकाबले में रिश्ते को ज्यादा अहमियत देता है।साथियों बात अगर हम मानव जीव में क्षमा भाव की करें तो, क्षमा भाव जिसके भीतर विकसित हो जाता है, वह व्यक्ति समाज में आदरणीय माना जाता है। किसी को किसी की भूल के लिए क्षमा करना औरआत्मग्लानि से मुक्ति दिलाना एक बहुत बड़ा परोपकार है। कितना आसान है किसी से अपनी गलती की माफी मांगना और उससे भी ज्यादा आनंद तब मिलता है, जब वह व्यक्ति हमें माफ कर देता है। क्षमा का शस्त्र जिसके पास है, उसका दुष्ट मानव कुछ नहीं बिगाड़ सकते। जिस तरह बिना तिनकों की पृथ्वी पर गिर कर अग्नि खुद ही शांत हो जाती है। साथियों बात अगर हम क्षमा मांगने की परिस्थिति की करें तो, यदि हमसे वाकई गलती हो गई है तो गंभीरता से क्षमा मांगें। कोई स्पष्टीकरण दें, हमारी गलती से वह विचलित है और हमारे कारणों को समझने की स्थिति में नहीं है। उसे पहले शांत कर सामान्य स्थिति में लाएं। दिल से मांगी गई माफी से स्थिति सामान्य हो जाएगी। यह हमारा बड़प्पन भी होगा कि जो व्यक्ति हमारे कारण दुखी हुआ है और हम अपनी गलती स्वीकार कर उसे सामान्य होने में मदद कर रहे हैं। फिर हुए नुकसान याअसुविधा की पूर्ति के लिए तत्काल प्रयास करें। व्यर्थ की दलीलों में समय बर्बाद करने की बजाय तत्काल कदम उठाएं। इस तरह हम अपनी खामियों के बावजूद सम्मान भरोसा हासिल करेंगे। अन्यथा भावनाओं की गलत अभिव्यक्ति से आप हमेशा तनाव में रहेंगे, जो




आपको समाधान से दूर और दूर ले जाएगा।

साथियों बात अगर हम क्षमा देने की करें तो, कमजोर व्यक्ति कभी क्षमा नहीं कर सकता, क्षमा करना तो शक्तिशाली व्यक्ति का गुण है। जो पहले क्षमा मांगता है वह सबसे बहादुर है और जो सबसे पहले क्षमा करता है वह सबसे शक्तिशाली है। शास्त्रों में कहा गया है कि क्षमा वीरों का आभूषण है। बाणभट्ट के हर्षचरित में उल्लेख किया गया है कि क्षमा सभी तपस्याओं का मूल है। महाभारत में कहा गया है कि क्षमा असमर्थ मनुष्यों का गुण और समर्थ मनुष्यों का आभूषण है। श्री गुरु ग्रंथ साहिब का वचन है- क्षमाशील को रोग नहीं सताता और न ही यमराज डराता है।साथियों बात अगर हम क्षमा में भावनात्मक मिश्रण से हानि की करें तो खासकर पारिवारिक झगड़ों में हम देखते हैं कि, पति का पत्नी से झगड़ा हो गया है। उनके बीच कोई समस्या हो सकती है, जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। चूंकि पत्नी का मूड खराब है तो वह बेटे पर गुस्सा उतारेगी। बेटे पर मां मामूली-सी बात पर चिल्लाई तो वह अपने साथियों से लड़ पड़ा और हम जितनी कल्पना कर सकें उतना इस कहानी को विस्तार दे सकते हैं। भावनाएं यदि समस्या के स्रोत की दिशा में हो तो भी यह उसे सुलझाने की बजाय बड़ा बना देती हैं। यहीं पर बड़ी समस्या है, क्योंकि कोई माफी मांगे इसकी बजाय भावनात्मक विस्फोट के कारण आखिर में हमें ही माफी मांगनी पड़ सकती है।साथियों बात अगर हम माफी मांगने में अफसोस और ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी के तड़के की करें तो,मुझे अफ़सोस है, इन तीन छोटे शब्दों के बिना माफी वास्तव में माफी नहीं है। उनका उपयोग करने से हम यह प्रदर्शित कर सकते हैं कि हम वास्तव में उस समस्या को उत्पन्न करने के लिए पछताते हैं जिसने शिकायत को प्रेरित किया। इन शब्दों के साथ माफी माँगने से हमको यह दिखाने में मदद मिलती है कि हम अतीत में जो कुछ हुआ है उसकी ज़िम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा न हो, यह समझाते हुए कि जो हुआ अब आगे हमेशा एक अच्छा विचार होगा, भविष्य में गड़बड़ी से मुक्त रखने के लिए हम जो कुछ भी बदलने की योजना बना रहे हैं उसे रेखांकित करके उस सफलता पर निर्माण करना सबसे अच्छा है।साथियों बात अगर हम माफी मांगने की व्यवहारिकता की करें तो, यदि हम गलत हैं, आंशिक रूप से भी, किसी की मांग करने से पहले क्षमा मांगना बेहतर है। क्षमायाचना उन समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है जिन्हें हल करना सामान्य शब्दों के लिए बहुत कठिन है। क्षमा की वांछनीयता इसमें शामिल लोगों की संस्कृति पर निर्भर करती है। शर्म की संस्कृति में , एक उच्च स्थिति वाले व्यक्ति से जबरन माफी मांगना एक बहुत ही मूल्यवान चीज के रूप में देखा जाता है, क्योंकि माफी मांगने वाले व्यक्ति के सामाजिक अपमान को एक महत्वपूर्ण कार्रवाई के रूप में देखा जाता है। शिष्टाचार दूसरों से अपेक्षा करने का मानक नहीं है, यह एक ऐसा मानक है जिसका आप स्वयं पालन करते हैं। यह कहना कभी आसान नहीं होता, मुझे क्षमा करें। लेकिन कभी-कभी, गलती के लिए माफी मांगना ही आपकी प्रतिष्ठा की रक्षा करने का एकमात्र तरीका है। साथियों बात अगर हम कुछ भी गलत नहीं किया है, तो भी माफ़ी माँगने के तीन अच्छे कारणों की करें तो किसी को भी गलत तरीके से आरोपित किया जाना पसंद नहीं होता और ज़्यादातर लोग निश्चित रूप से किसी ऐसी चीज़ के लिए माफ़ी नहीं माँगना चाहते जो उन्होंने की ही न हो। जब हमने कुछ भी गलत नहीं किया हो या इससे भी बदतर, जब हम वास्तव में सही हों, तब माफ़ी माँगने का विचार ही हमारे खून को उबाल देता है।हम क्रोधित हो जाते हैं, रक्षात्मक हो जाते हैं, या दूसरों पर भड़क जाते हैं, इनमें से कोई भी चीज़ स्थिति को सुधारने में कोई मदद नहीं करती। यह याद रखना ज़रूरी है कि माफ़ी माँगना अपराध स्वीकार करना नहीं है; यह ज़िम्मेदारी स्वीकार करना है। अगर हमने कुछ भी गलत नहीं किया है, तो भी माफ़ी माँगने के तीन अच्छे कारणये हैँ। (1) सही होने के बजाय रिश्ते को चुनना- जब किसी रिश्ते में मुश्किलें आती हैं, तो दोष देना स्वाभाविक मानवीय प्रवृत्ति है। अगर दूसरा व्यक्ति गलत है, तो हम सही होने की संतुष्टि में खुश हो सकते हैं। आत्म-धार्मिकता के कुंड के गहरे छोर पर गोता लगाना आसान है। सही होने की अहंकार-पोषक ज़रूरत से ज़्यादा रिश्ते के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने के लिए भावनात्मक परिपक्वता की ज़रूरत होती है।



# कांग्रेस पार्टी दिल्ली की जनता के लिए बेहतर विकल्प : सचिन पायलट



उदयपुर (आरएनएस)। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव सचिन पायलट ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत का दावा किया है। राजस्थान के उदयपुर में मीडिया से बातचीत में पायलट ने इसकी वजह भी बताई। बोले, ऐसा इसलिए क्योंकि विकास के नाम पर 'आप' ने कुछ नहीं किया।टोंक विधायक सचिन पायलट ने कहा, दिल्ली में विधानसभा चुनाव चल रहा है। दिल्ली की जनता ने आम आदमी पार्टी को कई बार मौका दिया लेकिन विकास के नाम पर कुछ नहीं हुआ। पिछले 12 साल में दिल्ली सरकार और केंद्र सरकार के बीच जो वर्चस्व की जो लड़ाई है, उसमें दिल्ली की जनता पिस रही है। ऐसे में कांग्रेस पार्टी दिल्ली की जनता के लिए बेहतर विकल्प हो सकती है।पायलट ने दावा किया कि उनकी पार्टी अपने वादे को पूरा करेगी। बोले, शीला दीक्षित के कार्यकाल को जनता याद कर रही है। हम लोगों ने जनता को कुछ गारंटी दी है, जिसे हम पूरा करेंगे। हम जनता और मुद्दों की बात कर रहे हैं। हम मजबूती से लड़ेंगे और कांग्रेस पार्टी का दिल्ली के अंदर अच्छा परफॉर्मेंस रहेगा।सचिन पायलट ने आगे कहा कि दिल्ली का विधानसभा चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण है। इन चुनावों में हमारे कार्यकर्ता और नेता अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। हमने जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं सुनीं, फिर उन समस्याओं पर विशेषज्ञों से चर्चा करने के बाद अब गारंटी पेश कर रहे हैं। पूरे देश में युवा परेशान हैं। दिल्ली में भी युवाओं की हालत चिंताजनक है, लेकिन केंद्र और राज्य सरकार ने युवाओं पर ध्यान नहीं दिया। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम ने आप और भाजपा पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, आम आदमी पार्टी और भारतीय जनता पार्टी ने एक-दूसरे पर सिर्फ आरोप लगाए, खुद के वादे पूरे नहीं किए और जनता को भूल गई, लेकिन कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी समझती है। इसलिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ हम गारंटी पेश कर रहे हैं, क्योंकि जनता जानती है कि हम जो कहते हैं, वो कर दिखाते हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में सभी 70 विधानसभा सीटों पर 5 फरवरी को एक चरण में चुनाव होगा और नतीजे की घोषणा 8 फरवरी को होगी।

### उत्तराखंड कैबिनेट ने समान नागरिक संहिता नियमावली को मंजूरी दी, सीएम धामी बोले- वादा पूरा किया

देहरादून (आरएनएस)। उत्तराखंड कैबिनेट ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में राज्य में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) के लिए नियमावली को मंजूरी दे दी।सीएम धामी ने बैठक के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि हमने जो वादा किया था उसे पूरा किया है। सीएम ने कहा कि जब हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 2022 के विधानसभा चुनाव में जनता के बीच गए थे, तब हमने उनसे वादा किया था।



प्रयागराज में महाकुंभ मेला 2025 के दौरान संगम पर एक साधु से आशीर्वाद लेता एक भक्त.

## सजा के ऐलान के बाद आया पीड़िता के माता-पिता का पहला रिएक्शन, कहा- मुआवजा नहीं, न्याय चाहिए



नई दिल्ली (ए.)। आरजी कार हत्याकांड की पीड़िता के परिवार ने सोमवार को सियालदह अदालत के न्यायाधीश से कहा कि वे अपनी बेटी के लिए न्याय चाहते हैं, मुआवजा नहीं। अदालत ने पश्चिम बंगाल सरकार को उन्हें 17 लाख का मुआवजा देने का निर्देश दिया। एएनआई ने पीड़ित के परिवार के सदस्यों के हवाले से कहा कि हमें मुआवजा नहीं चाहिए, हम न्याय चाहते हैं। सरकारी अस्पताल में ऑन-ड्यूटी डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या के मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद अदालत ने मुख्य आरोपी संजय रॉय को अब तक आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सियालदह में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास की अदालत ने शनिवार को रॉय को पिछले साल 9 अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु डॉक्टर के खिलाफ किए गए अपराध के लिए दोषी ठहराया था, जिसके बाद देश भर में अभूतपूर्व और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुआ था। सियालदह की अदालत के अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अनिर्बान दास ने शनिवार को रॉय को पिछले वर्ष नौ अगस्त को अस्पताल में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु चिकित्सक के खिलाफ किये गए जघन्य अपराध के मामले में दोषी ठहराया था। इस घटना के बाद पूरे देश में अभूतपूर्व और लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन हुए थे। न्यायाधीश दास ने दोषी को मृत्युदंड न देने के औचित्य के रूप में कहा कि अपराध दुर्लभतम श्रेणी में नहीं आता है। जिससे दोषी को मृत्युदंड दिया जा सके। रॉय को भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 64 (बलात्कार), 66 (मृत्यु का कारण बनने की सजा) और 103 (1) (हत्या) के तहत दोषी ठहराया गया था।



जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र से आप उम्मीदवार मनीष सिसोदिया आगामी विधानसभा चुनाव के लिए नई दिल्ली में डोर-टू-डोर चुनाव प्रचार के दौरान।

## ठाणे की महिला ने साइबर प्रेमी के हाथों 13.54 लाख रुपये गंवाए, यूपी में अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़



ठाणे (ए.)। ठाणे पुलिस ने साइबर धोखाधड़ी के एक मामले की जांच करते हुए उत्तर प्रदेश में अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया और लखनऊ-बाराबंकी राजमार्ग पर कार का पीछा करने के बाद मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यहां यह जानकारी दी। जोन-प्रथम के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) सुभाष बरसे ने बताया कि ठाणे जिले के मुंबई निवासी एक महिला ने पिछले साल अक्टूबर में प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें कहा गया था कि एक व्यक्ति ने शादी से संबंधित वेबसाइट के जरिए उससे 13.54 लाख रुपये ठग लिए। डीसीपी ने कहा, उस व्यक्ति ने एक फर्जी प्रोफाइल बनाई और खुद को अमेरिका में रहने वाला हीरे एवं आभूषण का एक सफल व्यवसायी बताया। समय के साथ उसने पीड़िता का विश्वास जीत लिया और एक दुर्घटना के बहाने आपातकालीन धनराशि देने समेत विभिन्न बहानों से बड़ी रकम देने के लिए पीड़िता को राजी कर लिया था। डिजिटल जानकारी के जरिए पुलिस भोपाल के 24 वर्षीय सैलून संचालक जैद फुल खान तक पहुंची। उसने लखनऊ के व्यवसायी एजाज अहमद इम्तियाज अहमद नाम के कथित मास्टरमाइंड के बारे में सारी बातें बताईं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि 12 वर्षीय चाय के एक विक्रेता से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने अवैध कॉल सेंटर का पता लगाया। उन्होंने कहा, जब संदिग्ध को पुलिस की मौजूदगी का आभास हुआ, तो उसने अपने स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) में भागने का प्रयास किया, जिसके बाद लखनऊ-बाराबंकी राजमार्ग पर पुलिस ने उसका तेज गति से पीछा किया।

## बेंगलुरु में तकनीकी पेशेवर हुआ साइबर घोटाले का शिकार, झेलना पड़ा 2.8 करोड़ रुपये का नुकसान




बेंगलुरु (ए.)। एक तकनीकी पेशेवर को साइबर घोटाले का शिकार होने के बाद 2.8 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। जालसाजों ने पीड़ित के बैंकिंग विवरण तक अनधिकृत पहुंच हासिल करने के लिए एक नई विधि का इस्तेमाल किया, जिससे तकनीकी विशेषज्ञ असहाय हो गए। घोटाला तब शुरू हुआ जब पीड़ित को सिटीबैंक प्रतिनिधि बनकर किसी व्यक्ति ने व्हाट्सएप कॉल किया। कॉल करने वाले ने झूठा दावा किया कि पीड़ित का क्रेडिट कार्ड अनुमोदन लंबित था और उन्हें नया सिम कार्ड खरीदने की सलाह दी। कुछ दिनों बाद, पीड़ित को कथित तौर पर सिटी यूनियन बैंक से एक पार्सल मिला, जिसमें एक मोबाइल फोन था। धोखे से अनजान, पीड़ित ने फोन में नया सिम कार्ड डाला, बाद में पता चला कि डिवाइस दुर्भावनापूर्ण ऐप्स के साथ पहले से कॉनफ़िगर किया गया था। इन ऐप्स ने ओटीपी को इंटरसेप्ट किया और धोखेबाजों को संवेदनशील बैंकिंग जानकारी तक पहुंचने की अनुमति दी। एक बार सिम कार्ड सक्रिय होने के बाद, पीड़ित के एचडीएफसी बैंक खातों से सावधि जमा सहित 2.8 करोड़ रुपये निकाल लिए गए। इस घटना ने नागरिकों में चिंता पैदा कर दी है, जहां अपराधी पीड़ितों को निशाना बनाने के लिए पूर्व-कॉनफ़िगर किए गए फोन का उपयोग कर रहे हैं। एसएमएस और ओटीपी खुद को फॉरवर्ड करके, वे पीड़ित की जानकारी के बिना बैंक खातों पर नियंत्रण हासिल कर लेते हैं। पीड़ित ने व्हाइटफील्ड पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है और अधिकारियों ने आईटी अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत जांच शुरू कर दी है।

## सोपोर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़, एक जवान शहीद

श्रीनगर (ए.)। जम्मू-कश्मीर के सोपोर में रात भर चली मुठभेड़ के दौरान घायल हुए एक जवान ने सोमवार को दम तोड़ दिया। मुठभेड़ कल रात शुरू हुई जब सुरक्षा बलों ने एक ठिकाने पर छापा मारा, जिसके बाद आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी की, जिसके बाद पूरे इलाके में ऑपरेशन चलाया गया। रिपोर्ट्स के मुताबिक इलाके में एक या दो आतंकियों के छिपे होने की आशंका है। गोलीबारी के दौरान एक सैनिक घायल हो गया और उसे 92 बेस आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, घायल जवान ने दम तोड़ दिया। फिलहाल सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके की नाकेबंदी कर दी है और सर्च ऑपरेशन जारी है। ष्ट्रस्ह को ज़ालूरा क्षेत्र में लॉन्च किया गया था। इलाके में गोलियों की आवाज सुनने के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है। कश्मीर जोन पुलिस ने रविवार को एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि सोपोर के ज़ालूरा में पुलिस और एसएफ द्वारा शुरू किए गए सीएएसओ के दौरान एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया गया। उसी दौरान अंदर से आग देखी गई। इलाके की घेराबंदी कर दी गई।

## कर्नाटक में केरल के व्यापारी पर हमला, 1.50 लाख रुपये की नकदी लूटी

मैसुरु (ए.)। कर्नाटक के मैसुरु में चार नकाबपोश बदमाशों के एक समूह ने सोमवार को केरल के एक व्यापारी पर कथित तौर पर हमला किया और उसकी कार को जबरन रोककर डेढ़ लाख रुपये से भरा बैग लूट लिया। हमलावर बाद में उसकी गाड़ी लेकर फरार हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना कैमरे में दर्ज हो गई, जिसमें चार लोग व्यापारी को उसके वाहन से घसीटते हुए बाहर निकालते हैं और धक्का देते हुए कुछ दूर ले जाते हैं। पुलिस के अनुसार, यह घटना मैसूरु तालुक के जयापुरा होबली के पास हरोहल्ली गांव में सुबह करीब 9.15 बजे हुई। दो कारों में सवार नकाबपोश लोगों ने व्यवसायी की कार को कथित तौर पर जबरन रोक लिया। पुलिस केएक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि व्यवसायी अशरफ को कोई चोट नहीं आई है, लेकिन उसके चालक सूफी के एक हाथ में चोट आई है। अपनी शिकायत में अशरफ ने कहा कि वह सुल्तान बाथरी से एचडी कोटे जा रहा था और उसके पास एक बैग था, जिसमें 1.50 लाख रुपये नकद थे।

## पत्नी का अश्लील वीडियो बनाकर दोस्त को भेज दिया, शख्स गिरफ्तार

ठाणे (आरएनएस)। पति-पत्नी का रिश्ता एक पवित्र बंधन माना जाता है, लेकिन महाराष्ट्र के ठाणे से एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति पर अपनी ही पत्नी का अश्लील वीडियो बनाकर उसे अपने दोस्त को भेजने का आरोप है। ठाणे जिले में अपनी पत्नी का शोषण करने, उसे परेशान करने और उस पर हमला करने के आरोप में 40 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को उल्हासनगर शहर से आरोपी को गिरफ्तार किया और सोमवार को इस घटना की जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने कथित तौर पर अपनी पत्नी को नशीला पदार्थ दिया और फिर उसकी आपत्तिजनक तस्वीरें लीं। इतना ही नहीं, उसने उन तस्वीरों को सोशल मीडिया पर अपने एक दोस्त को भी भेज दिया। अधिकारी ने बताया कि जब महिला ने इस बात का विरोध किया, तो आरोपी ने उसकी पिटाई भी की। महिला के अनुसार, इस घटना के बाद 17 जनवरी को उनके पति के उस दोस्त ने उन्हें फोन किया और उनसे अश्लील बातें कीं। महिला ने बताया कि उस व्यक्ति ने फोन पर उनसे यौन संबंध बनाने की मांग भी की। महिला की शिकायत के आधार पर, पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 77 (ताक-झांक), 78 (पीछा करना), 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 352 (शांति भंग करने के इरादे से जानबूझकर अपमान) और भारतीय दंड संहिता के अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

## ऐसे लोगों को तो चुनाव लड़ने ही नहीं देना चाहिए, ताहिर हुसैन की याचिका पर बोला सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली (ए.)। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की और पूर्व पार्षद और दिल्ली दंगों के आरोपी ताहिर हुसैन की याचिका पर सुनवाई 21 जनवरी तक के लिए टाल दी, जिसने आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए प्रचार करने के लिए अंतरिम जमानत मांगी है। न्यायमूर्ति पंकज मिथल और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने समय की कमी के कारण सुनवाई स्थगित कर दी, लेकिन जैसे ही दिन बढ़ रहा था, हुसैन के वकील ने मामले का उल्लेख किया और 21 जनवरी को सुनवाई का अनुरोध किया। पीठ ने कहा कि जेल में बैठकर चुनाव जीतना आसान है। ऐसे सभी व्यक्तियों को चुनाव लड़ने से रोक दिया जाना चाहिए। उनके वकील ने कहा कि हुसैन का नामांकन स्वीकार कर लिया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने 14 जनवरी को एआईएमआईएम के टिकट पर मुस्तफाबाद निर्वाचन क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करने के लिए हुसैन को हिरासत में पैरोल दे दी थी। हालाँकि, चुनाव लड़ने के लिए 14 जनवरी से 9 फरवरी तक अंतरिम जमानत की उनकी याचिका को यह कहते हुए अस्वीकार कर दिया गया कि हिंसा में मुख्य अपराधी होने के कारण हुसैन के खिलाफ आरोपों की गंभीरता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है, जिसके परिणामस्वरूप कई लोगों की मौत हो गई। उच्च न्यायालय ने कहा कि दंगों के संबंध में उनके खिलाफ लगभग 11 प्राथमिकियां दर्ज की गई थीं और वह संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले और यूए मामले में हिरासत में थे। हुसैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने तर्क दिया कि चुनाव लड़ना एक जटिल प्रक्रिया है, जिसके लिए उन्हें न केवल 17 जनवरी तक अपना नामांकन दाखिल करना होगा, बल्कि एक बैंक खाता भी खोलना होगा और प्रचार करना होगा।

# विविध-समाचार

## महाकुंभ के कारण रोज करीब दो लाख श्रद्धालु आ रहे अयोध्या : नृपेंद्र मिश्रा

अयोध्या (आरएनएस)। राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंदिर निर्माण प्रगति की जानकारी देते हुए कहा कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु अयोध्या भी आ रहे है। उन्होंने मीडिया से कहा कि मुख्य रूप से निचले हिस्से में राम कथा कार्य हुआ है, जहां पत्थर के भित्ति चित्र जोड़े गए हैं और किलेबंदी में कांस्य भित्ति चित्र स्थापित किए गए हैं। पुणे से आए हमारे कलाकार बासुदेव कामत ने काम की समीक्षा की और अपनी राय रखी। आज और कल में हम निर्माण कार्य की प्रगति और कठिनाइयों के बारे में चर्चा करेंगे। कुंभ के कारण बहुत से यात्री जो कुंभ में गए हैं, वे अयोध्या में भी आ रहे हैं। महाकुंभ के कारण अयोध्या में प्रतिदिन औसतन दो लाख से अधिक भक्तों की संख्या बढ़ गई है। इससे भक्तों की सुरक्षा को देखते हुए कुछ स्थानों पर निर्माण रोक दिया गया है। निर्माण फरवरी तक रुका रह सकता है। सबसे अधिक प्राथमिकता श्रद्धालुओं की सुरक्षा की है। उसे हम पहले सुनिश्चित करते हैं। जहां-जहां मौका मिल रहा है, वहां निर्माण कार्य हम कर रहे हैं। सिर्फ राम दरबार की मूर्ति ही नहीं, बाकी 7 मंदिरों की मूर्तियां, 'परकोटा' के 6 मंदिरों की मूर्तियां, पीएफसी में तुलसी दास जी की मूर्ति, ये सभी मूर्तियां जयपुर में तैयार हो रही हैं।

## मानहानि मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत, ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अगले आदेश तक लगी अंतरिम रोक

नई दिल्ली (आरएनएस)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है। मानहानि मामले में राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है। शीर्ष अदालत ने ट्रायल कोर्ट की कार्यवाही पर अगले आदेश तक अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने मामले को रद्द करने की मांग वाली गांधी की याचिका पर झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता से भी जवाब मांगा है। वहीं, मानहानि मामले में राहुल गांधी की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार और शिकायतकर्ता बीजेपी कार्यकर्ता नवीन झा को नोटिस भेजा है। याचिका में झारखंड हाई कोर्ट के 22 फरवरी 2024 फैसले को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने मानहानि मामले को रद्द करने से इनकार किया था। दरअसल, बीजेपी कार्यकर्ता नवीन झा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया था। बता दें 2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी पर गृह मंत्री अमित शाह को हत्यारा कहने का आरोप है।

## गीता प्रेस और इस्कॉन के साथ मिलकर अदाणी समूह तीर्थयात्रियों की कर रहा सेवा

महाकुंभ नगर (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हर 12 साल पर आयोजित होने वाला भव्य महाकुंभ इस बार श्रद्धालुओं की सेवा के लिए अदाणी समूह और इंटरनेशनल सोसायटी फॉर कृष्णा कॉन्शियसनेस (इस्कॉन) द्वारा एक महत्वपूर्ण साझेदारी का साक्षी बन रहा है। दुनिया भर से करोड़ों श्रद्धालु इस मेले में त्रिवेणी संगम पर पवित्र स्नान करने और आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने के लिए आते हैं।अदाणी समूह और इस्कॉन मिलकर तीर्थयात्रियों की सेवा कर रहा है। अदाणी समूह ने इस पवित्र आयोजन के महत्व को समझते हुए श्रद्धालुओं से सात्विक (शुद्ध) भोजन ग्रहण करने के लिए अपील की है। इसके साथ ही, गीता प्रेस, गोरखपुर के साथ मिलकर वे श्रद्धालुओं को भगवद गीता की शिक्षाओं से जोड़े रखने के लिए साहित्य वितरित कर रहे हैं। कुंभ मेला 13 जनवरी से शुरू हो चुका है और यह 26 फरवरी 2025 तक चलेगा। इस दौरान अदाणी समूह ने इस्कॉन के साथ मिलकर महाप्रसाद (पवित्र भोजन) परोसने का कार्य किया है। इन सेवाओं के जरिए अदाणी समूह श्रद्धालुओं को न सिर्फ भौतिक पोषण बल्कि आध्यात्मिक पोषण भी प्रदान कर रहा है। समूह ने इस आयोजन के दौरान श्रद्धालुओं को आरती संग्रह की एक करोड़ प्रतियां निःशुल्क वितरित करने का निर्णय लिया है। यह पुस्तक श्रद्धालुओं को कुंभ मेला की याद दिलाने और भगवद गीता के साथ उनके आध्यात्मिक जुड़ाव को मजबूत करने में मदद करेगी।




बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पटना में %प्रगति यात्रा% के दौरान लोगों से बातचीत करते हुए.

# देश विरोधी ताक़तों के साथ हैं कई पार्टियां... आप और कांग्रेस पर अनुराग ठाकुर का बड़ा हमला

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय जनता पार्टी के सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर और भाजपा दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार को एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर जमकर निशाना साधा। सम्मेलन के दौरान उन्होंने देश विरोधी तत्वों से हाथ मिलाने और उनके साथ खड़े होने को लेकर अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी की तीखी आलोचना की। ठाकुर ने कहा कि राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल, जो आप और हाथ के साथ डबल डेटिंग में शामिल हैं, राष्ट्र विरोधी ताकतों का पक्ष ले रहे हैं। ठाकुर ने कहा कि आतंकवाद देश और दुनिया दोनों के लिए एक महत्वपूर्ण चुनौती है और राष्ट्रीय सुरक्षा एक




महत्वपूर्ण मुद्दा है। भारतीय जनता पार्टी ने आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस का संकल्प लिया है और पिछले 11 वर्षों का मोदी सरकार का रिकॉर्ड इस प्रतिबद्धता का प्रमाण है। एक ओर, हमारा ध्यान नक्सलवाद को पूरी तरह से खत्म करने पर है, और भाजपा के लिए, राष्ट्र प्रथम हमेशा मार्गदर्शक सिद्धांत रहा है। हालाँकि, कुछ राष्ट्र-विरोधी पार्टियाँ हैं जो देश के खिलाफ काम करने वाली ताकतों के साथ सहयोग करती हैं, राजनीतिक लाभ के लिए उनसे धन प्राप्त करती हैं और फिर चुप रहना पसंद करती हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री ठाकुर ने सवाल किया कि अब यह चुप्पी क्यों? पहले, ये व्यक्ति ज़ोर-शोर से और साहसिक दावे करते थे। राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल, जो डबल-डेटिंग में लगे हुए हैं, बाहर से एक तरह से दिखाई देते हैं लेकिन अंदर से पूरी तरह से अलग हैं। चाहे सर्जिकल स्ट्राइक हो, एयर स्ट्राइक हो, या अफजल गुरु की फांसी का मुद्दा हो, इन सभी विषयों पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी दोनों ने एक ही स्थिति दिखाई है, जिसमें राहुल गांधी और अरविंद केजरीवाल एक साथ खड़े हैं।

# साड़ी पहन करिश्मा तन्ना ने दिखाया रॉयल अंदाज, टीवी की नागिन के देसी लुक पर फिदा हुए फैंस



टीवी एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक फैंस के बीच आते ही छा जाता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपनी बेहद ही खूबसूरत लुक्स में फोटोज शेयर की हैं। इन फोटोज में करिश्मा का ग्लैमरस और स्टाइलिश लुक देखने को मिल रहा है।

एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना ने अपने करियर की शुरुआत छोटे पर्दे से की थी और अब वो फिल्मों में भी जाना-माना नाम बन चुकी हैं। ये ही नहीं एक्ट्रेस अपने ट्रेंडी फैशन लुक्स के लिए भी जानी जाती हैं।

अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन फोटोज में उनकी शोख अदाएं देखकर हर कोई उन पर फिदा हो गया है।

बता दें कि एक्ट्रेस अपने फैशन सेंस के लिए हमेशा ही चर्चा में रही हैं। उनका स्टाइल कभी भी ओवर-द-टॉप नहीं होता, बल्कि वह हमेशा सिम्पल और एलीगेंट लुक्स में नजर आती हैं।चाहे पार्टी हो या फिर कोई भी इवेंट करिश्मा तन्ना अपने कैजुअल लुक्स में नजर आती हैं। करिश्मा हर आउटफिट में अपने स्टाइल को बखूबी कैरी करती है।करिश्मा तन्ना की इन फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने ब्राउन कलर की सिंपल साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

# बंदिश बैंडिट्स की अभिनेत्री श्रेया चौधरी ने बताया कि कैसे उन्होंने फिटनेस संबंधी समस्याओं पर काबू पाया

*वेब सीरीज बंदिश बैंडिट्स फेम श्रेया चौधरी ने अपने वजन और सेहत के साथ हुए अपने स्ट्रगल्स पर खुलकर बात की है, और बताया कि कैसे उन्हें 19 साल की उम्र में स्लिप डिस्क हो गई थी. 21 साल की एज में 30 किलो वजन कम करने के बाद, अब वो अपनी वेट लॉज जर्नी शेयर कर रही हैं. एक्ट्रेस को ऋतिक रोशन ने फिट होने के लिए इंस्पायर किया.*



श्रेया चौधरी ने अपने इंस्टाग्राम पर पुरानी और नई तस्वीरों को साझा करते हुए कबूल कि कैसे लंबे वक्त तक, उन्होंने अपने वजन के साथ संघर्ष किया और अपने बॉडी और हेल्थ की केयर नहीं की. हालांकि जब, 19 साल की कम उम्र में, उनका वजन बहुत बढ़ गया और उन्हें स्लिप डिस्क हो गई, तो उन्हें एक चेतावनी मिली. आखिरकार, उन्होंने खुद को हल्के में न लेने का फैसला किया और 30 किलो वजन कम किया.श्रेया ने अपनी पोस्ट में लिखा, मैंने खुद से कहा, मैं कभी हार नहीं मानूंगी. एक्ट्रेस ने बताया कि उन्होंने पहली बार फिटनेस और हेल्थ के साथ अपने स्ट्रगल के बारे में इसलिए बताया क्योंकि उन्होंने सशक्त और सुरक्षित महसूस किया. इसने उन्हें कुछ ऐसा शेयर करने के लिए प्रेरित किया जिसके बारे में उन्होंने कभी खुलकर बात नहीं की ताकि दूसरों को एम्पावर्ड महसूस कराया जा सके.

जब मैं 19 साल की थी, तो मैं कई चीजों से गुजर रही थी. मैं सबसे अच्छी मानसिक स्थिति में नहीं थी. इस दौरान मेरा वजन काफी बढ़ गया. इसका असर मेरी फिटनेस और सेहत पर पड़ा. मैंने कोई भी फिजिकल एक्टिविटीज करना बंद कर दिया, और इससे चीजें और खराब हो गईं.

आखिरी कील तब लगी जब मुझे इतनी कम उम्र में स्लिप डिस्क हो गई! मैं हमेशा से महत्वाकांक्षी थी. मैं हमेशा से करियर-फोकस्ड गर्ल बनना चाहती थी. और अब, मेरे पास कुछ ऐसा था जो मेरे सपनों का पीछा करने में एक बड़ी रुकावट बन गया. मुझे लगता है कि यह मेरे लिए एक बहुत बड़ी चेतावनी थी. मुझे यकीन नहीं हो रहा था कि मैंने खुद को हल्के में लिया है.जब श्रेया ने आखिरकार अपनी जिंदगी की बागडोर अपने हाथों में लेने का फैसला किया, तो उन्होंने अपनी भलाई पर ध्यान केंद्रित किया, और जब तक वह 21 साल की हुईं, उन्होंने 30 किलो वजन कम कर लिया. अपने नए रूप में, उन्हें स्लिप डिस्क की कोई वापसी नहीं हुई, जिसने उन्हें लापरवाह होने और और भी फिट होने पर फोकन करने को प्रेरित किया.जिंदगी हमेशा हमारे सामने चुनौतियां लाएगा. मुझे लगता है कि हमें बस आगे बढ़ना है और फोकस्ड रहना है. टचवुड. मैं अब अपने सबसे अच्छे फिट रूप में हूं. स्लिप डिस्क वाली लड़की होने से लेकर, अब मैं एक जानवर की तरह बॉक्सिंग कर सकती हूं. मैं नाच सकती हूँ, शूटिंग के दौरान घंटों अपने दोनों पैरों पर खड़ी रह सकती हूं, और जब भी जरूरत हो, सेट पर अपने शरीर को एक्ट्रीम लेवल तक पुश कर सकती हूं. हमारे पास लाइफ नामक एक गिफ्ट है,झ और हमें इसे पूरी तरह से जीने की कोशिश करनी चाहिए.

# स्त्री 3 में अक्षय कुमार की एंट्री कंफर्म, मेकर्स बोले- हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स के थानोस हैं खिलाड़ी कुमार




पिछले साल स्त्री 2 में अक्षय कुमार के कैमियो ने बहुत लोगों का ध्यान खींचा था. दिलचस्प बात यह है कि 2024 में खेल खेल में और सरफिरा जैसी फिल्में देने के बावजूद, स्त्री 2 ही उनकी सबसे बड़ी ब्लॉकबस्टर साबित हुई. अब हाल ही में मैडोक हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स की 8 फिल्में अनाउंस की गईं जिनमें स्त्री 3 भी शामिल है. तभी से दर्शकों में एक्साइटमेंट है कि अक्षय कुमार इस फिल्म में नजर आएंगे या नहीं. लेकिन अब मेकर्स ने ये कंफर्म कर दिया है कि अक्षय स्त्री 3 में अहम किरदार निभाएंगे. स्काई फोर्स के ट्रेलर लॉन्च पर अक्षय से पूछा गया कि क्या वह मैडोक हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स का हिस्सा होंगे. इस पर अक्षय ने कहा, मैं क्या कह सकता हूं, दिनेश और ज्योति को यह तय करना होगा, वे ही पैसे लगाने वाले हैं और अमर कौशिक को डायरेक्ट करना है. अक्षय की इस बात पर रिएक्ट करते हुए दिनेश विजान ने कहा, बेशक, वे यूनिवर्स का हिस्सा है. उन्होंने हंसते हुए कहा, वे हमारे थानोस हैं.झबता दें स्त्री में अक्षय कुमार को सरकटे के वंश के आखिरी जिंदा सदस्य के रूप में दिखाया गया था. जिसके पास भूत को हमेशा के लिए खत्म करने का उपाय है. खैर जो भी हो दर्शक स्त्री 2 में अक्षय की मौजूदगी से काफी खुश होने वाले हैं.मैडोक फिल्म्स ने हाल ही में 2025 से 2028 तक अपनी अपकमिंग फिल्मों का कैलेंडर शेयर किया था. जिसमें स्त्री 3 साल 2027 में 13 अगस्त के लिए शेड्यूल की गई है. 2024 में स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा दिया था. इसकी कहानी, ह्यूमर ने दर्शकों का दिल जीत लिया. फिल्म में श्रद्धा कपूर, राजकुमार राव, अपारशक्ति खुराना, पकंज त्रिपाठी, अभिषेक बैनर्जी ने खास रोल प्ले किया था. फिल्म में अक्षय कुमार, वरुण धवन का कैमियो था वहीं तमन्ना भाटिया ने इसमें स्पेशल डांस किया था.

अक्षय कुमार की अपकमिंग फिल्म स्काई फोर्स है जो कि 24 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी. अक्षय कुमार, वीर पहारिया और सारा अली खान की लीड रोल वाली फिल्म का ट्रेलर आखिरकार रिलीज हो गया है. देशभक्ति से भरपूर फिल्म के ट्रेलर ने दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ा दी है. यह फिल्म भारत की पहली एयर स्ट्राइक पर आधारित है.

## एनिमेटिड फिल्म रामायणः द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम का ट्रेलर जारी, 24 जनवरी को रिलीज होगी फिल्म

रामायण: द लिजेंड ऑफ प्रिंस राम की इंडो जैपिनीज एनिमेटेड फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। फिल्म को वाल्मिकी रामायण के आधार पर बनाया गया है। भगवान राम और लंकेश के बीच हुए युद्ध पर आधारित एनिमेटेड फिल्म 33 साल बाद फिर से बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली है।फिल्म के ट्रेलर की शुरुआत इस डायलॉग से होती है- जब जब धरती पर संकट आया है, तब तब उसके उद्धार के लिए भगवान विष्णु ने अवतार लिया। ट्रेलर में राम की वनवास यात्रा से लेकर सीता अपहरण और लंका कांड तक सभी सीन को दिखाया गया है। ट्रेलर की समाप्ति होती है- मृत्यु के बाद कोई किसी का शत्रु नहीं डायलॉग से।फिल्म 24 जनवरी 2025 को सिनेमाघरों में 33 साल बाद रिलीज की जाएगी। इसकी पटकथा लेखक विजयेंद्र प्रसाद ने लिखी है, जिन्होंने बाहुबली, बजरंगी भाईजान और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों की कहानी लिखी थी। रामायण: द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम भारत और जापान के बीच एक संयुक्त परियोजना है। 1992 में रिलीज हुई यह फिल्म भारतीय महाकाव्य रामायण से प्रेरित है। इसे कोइची सासाकी और राम मोहन ने निर्देशित किया है और वनराज भाटिया द्वारा रचित एक आकर्षक संगीत स्कोर के साथ राजकुमार राम की कहानी को जीवंत रूप से फिर से बताया गया है।

## बॉक्स ऑफिस पर पुष्पा 2 का पकड़ बरकरार, 20 मिनट के रिलोडेड वर्जन से फिर तेज हुई कमाई

5 दिसंबर को रिलीज हुई अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की पुष्पा 2 को रिलीज हुए 44 दिन बॉक्स ऑफिस पर बीत चुके हैं. इस बीच कई फिल्में आई और चली गई. लेकिन पुष्पा 2 अपनी पकड़ अब तक बनाए हुए नजर आई. लेकिन पिछले कुछ दिनों में फिल्म का लगातार कलेक्शन गिरते हुए दिखा. लेकिन अब मेकर्स ने 17 जनवरी को फिल्म में 20 मिनट का फुटेज और जोड़ दिया है, जिसके बाद मूवी लवर्स का एक्साइटमेंट और बढ़ता हुआ दिख रहा है. इतना ही कलेक्शन में थोड़ा ही सही लेकिन उछाल देखकर लगता है कि अब पुष्पा 2 दंगल के रिकॉर्ड तोड़ कलेक्शन की तरफ फुल फोर्स के साथ बढ़ती हुई नजर आएगी.

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के शुरूआती आंकड़ों के अनुसार, 44वें दिन पुष्पा 2 ने 1 करोड़ की कमाई हासिल की है, जिसके बाद भारत में कलेक्शन 1225.7 करोड़ हो गया है. इसमें तेलुगू में 338.74 करोड़, हिंदी में 806.51 करोड़, तमिल में 58.53 करोड़, कन्नड़ में 7.77 करोड़ और मलयालम में 14.15 करोड़ की कमाई फिल्म ने हासिल की है. जबकि वर्ल्डवाइड यह आंकड़ा 1850 करोड़ के पार हो गया है. वहीं दंगल की बात करें तो वर्ल्डवाइड आमिर खान की फिल्म का कलेक्शन 2073 करोड़ के आसपास है, जिसकी तरफ पुष्पा 2 बढ़ती दिख रही है. गौरतलब है कि 3 घंटे 15 मिनट की पुष्पा 2 400 से 500 करोड़ के बजट में बनी है. फिल्म को सुकुमार ने डायरेक्ट किया है. वहीं अल्लू अर्जुन ने पुष्पा 2 के रिलोडेड वर्जन की जानकारी देते हुए एक्स पर एक पोस्ट शेयर किया था, जिसमें एक्टर ने कैप्शन में लिखा, आज से आपके लिए पुष्पा2रिलोडेड वर्जन लेकर आ रहा हूं. आशा है कि आप सभी को इससे नया अनुभव होगा. इसके बाद फैंस ने भी रिएक्शन देते हुए अपना एक्साइटमेंट जाहिर किया था

## अक्षय और वीर पहारिया की मोस्ट अवेटेड फिल्म स्काई फोर्स का पहला देशभक्ति गाना रंग हुआ रिलीज़, किलर डांस मूव्स ने जीत लिया दिल




इन दिनों अक्षय कुमार अपनी अपकमिंग फिल्म स्काई फोर्स को लेकर काफी सुर्खियों में हैं। अक्षय के साथ इस फिल्म में निमृत कौर, वीर पहाड़िया और सारा अली खान भी हैं। फिल्म का ट्रेलर आ चुका है और लोगों को काफी पसंद भी आया है। फिल्म 25 जनवरी यानी गणतंत्र दिवस से ठीक एक दिन पहले रिलीज होने जा रही है। अब फिल्म का नया गाना आया है, जिसका नाम है रंग। आइए जानते हैं कैसा है फिल्म का नया गाना।मैडॉक प्रोडक्शन की इस फिल्म का नया गाना रंग आया है। गाना एक देसी पार्टी ट्रैक है जिसे सतिंदर सरताज और जाहरा एस खान ने गाया है। म्यूजिक तनिष्क बागची ने दिया है। गाने में अक्षय और वीर जमकर डांस करते नजर आ रहे हैं। गाना काफी मजेदार है और पूरी तरह से पार्टी सॉन्ग है जिसे देसी अंदाज दिया गया है।

रंग में अक्षय के साथ देव पहाड़िया, निमृत कौर और सारा अली खान अपने डांस का हुनर दिखाते नजर आ रहे हैं। इस गाने में अक्षय अपने पुराने अंदाज में नजर आ रहे हैं। डांस मूव्स की बात करें तो सभी के डांस मूव्स कातिलाना हैं। अक्षय इससे पहले निमृत के साथ फिल्म एयरलिफ्ट में काम कर चुके हैं. दोनों की केमिस्ट्री को काफी पसंद किया गया था। अब एक बार फिर ये जोड़ी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाने के लिए तैयार है। सारा अली खान वीर पहाड़िया के साथ नजर आएंगी।अक्षय के लिए ये फिल्म काफी मायने रखती है। क्योंकि, इससे पहले उनकी करीब 9 फिल्में फ्लॉप हो चुकी है। ऐसे में ऐतिहासिक एयर स्ट्राइक पर आधारित एरियल एक्शन फिल्म स्काई फोर्स को लेकर काफी चर्चा है। एक समय था जब सारा अली खान और वीर पहाड़िया एक दूसरे को डेट किया करते थे। हालांकि, अब दोनों अच्छे दोस्त हैं. दोनों फिल्म में पति-पत्नी का किरदार निभा रहे हैं, ऐसे में ये देखना दिलचस्प होगा कि दोनों की जोड़ी कितनी कमाल दिखाती है।

# सर्दी में तेज सिरदर्द क्यों होता है? एक्सपर्ट से जानिए तुरंत राहत पाने का तरीका



सर्दियों में कई तरह की हेल्थ प्रॉब्लम से लोग परेशान रहते हैं. ऐसे में कई बार लोगों की शिकायत रहती है कि उन्हें ठंड के दिनों में कई बार बहुत तेज सिरदर्द होता है. सर्दी के मौसम में सिरदर्द के प्रमुख कारणों में से एक है ठंड लगने की वजह से सिर में दर्द होना. हालांकि इसके अलावा भी कई कारण होते हैं. पानी की कमी, नींद पूरी न होना और आहार ऐसे अन्य कारण हैं जो सिरदर्द को ट्रिगर कर सकते हैं. तापमान में गिरावट बैरोमीटर के दबाव में वृद्धि और धूप की कमी के कारण सिरदर्द बढ़ सकता है. आइए यहां एक्सपर्ट से जानते हैं कि सर्दी में तेज सिरदर्द क्यों होता है? इसके साथ ही तुरंत राहत पाने के लिए क्या करना चाहिए?

### क्यों होता है ठंड में तेज सिरदर्द ?

हेल्थ एक्सपर्ट श्रुति महाजन ने बताया कि ठंड में तेज सिरदर्द के कई कारण होते हैं. सर्दियों में तापमान कम होने की वजह से हमारा खून गाढ़ा हो जाता है और जब हम खड़े होते हैं तो गुरुत्वाकर्षण के कारण हमारे सिर तक ठीक ढंग से रक्त संचार नहीं हो पाता है. इसकी वजह से भी सिरदर्द होता है.

### पानी की कमी यानी डिहाड्रेशन

सर्दियों में लोग कम पानी पीते हैं. ऐसे में उनके शरीर में पानी की कमी यानी डिहाड्रेशन हो जाता है. इसके अलावा साइनस, नींद का बदला पैटर्न, खानपान सरीखे अन्य कारण भी इस समस्या को बढ़ा सकते हैं. सर्दी में बंद दरवाजे और कमरों में लगातार जलते हीटर के चलते खराब वेंटीलेशन भी सिर दर्द की समस्या को बढ़ा देते हैं.

### सर्दियों में सिर दर्द से कैसे बचें ?

- सिरदर्द से बचने के लिए हेल्दी खाना खाएं. खुद को गर्म रखने की कोशिश करें. अच्छी नींद लें.
- जरूरत से ज्यादा कैफीन का सेवन न करें. खूब सारा पीना पिएं.
- सीधे गर्म वातावरण से ठंडी हवा में जाने से बचें. घर को अच्छी तरह वेंटीलेटेड रखें.
- घर में ह्यूमिडिफायर का उपयोग करें. रात में अच्छी नींद लें.
- किसी भी समय खाना न छोड़ें और मील्स के बीच हेल्दी स्नैक्स लें.
- पानी खूब पिएं ताकि डीहाइड्रेशन से बचा जा सके. ज्यादा शराब या फिर तंबाकू का सेवन भी न करें.- अंडे और मछली जैसे विटामिन-डी से भरपूर खाना खाएं. आप सप्लीमेंट्स भी ले सकते हैं.
- रोजाना कम से कम 30 सेकेंड वर्कआउट करें. पैदल चलें. साइकिल चलाएं. घर पर वर्कआउट करें.

# सिंपल डाइट से पाएं स्वस्थ शरीर, आसान और सस्ता तरीका!



आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में फिट रहना हर किसी की प्राथमिकता बन गया है. लेकिन कई बार लोग हेल्दी डाइट को जटिल और महंगा मानकर इससे दूर भागते हैं. सच्चाई यह है कि हमारी रोजमर्रा की खाने की आदतों में थोड़े बदलाव से ही हम हेल्दी और संतुलित डाइट अपना सकते हैं. आज इस आर्टिकल में हम आपको शरीर को स्वस्थ बनाने के आसान और सस्ते टिप्स के बारे में बताएंगे...

सिंपल डाइट का मतलब है ऐसा खाना जो हमारे शरीर को पोषण दे और आसानी से पच सके. दाल-चावल, रोटी-सब्जी, और मौसमी फल जैसी चीजें इसमें शामिल होती हैं. इनका न केवल स्वाद अच्छा होता है, बल्कि ये जेब पर भी भारी नहीं पड़ते. उदाहरण के तौर पर, दाल प्रोटीन का अच्छा स्रोत है, तो वहीं चावल शरीर को ऊर्जा देता है. हरी सब्जियां और सलाद विटामिन और फाइबर से भरपूर होती हैं.

### मौसमी फलों का सेवन करें

मौसमी फलों को अपनी डाइट का हिस्सा बनाना भी फायदेमंद होता है. जैसे सर्दियों में अमरूद और संतरा खाना और गर्मियों में तरबूज और आम. इनसे न केवल शरीर को जरूरी पोषण मिलता है, बल्कि ये हमारे इम्यून सिस्टम को भी मजबूत करते हैं.

### तले-भुने खाने से बचें

सिंपल डाइट अपनाने के लिए जरूरी है कि हम बाहर के तले-भुने खाने से बचें और घर का बना खाना प्राथमिकता दें. साथ ही खाने में ज्यादा तेल और मसालों का इस्तेमाल न करें. सरल खाना न केवल सेहतमंद होता है, बल्कि इसे तैयार करना भी आसान है.

००

## एसए20 में नवीन उल हक ने अपनी धुआंधार बल्लेबाजी से लूटी महफिल, 200 की स्ट्राइक रेट से कूटे रन

नईदिल्ली, (ए)। नवीन उल हक इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के लिए हुए ऑक्शन में अनसोल्ड रहे थे. नवीन एक बेहतरीन तेज गेंदबाज हैं. इसलिए उनका अनसोल्ड रहना क्रिकेट फैंस को हैरान करने वाला था. नवीन ने भी खुद को अनसोल्ड रहने को गंभीरता से ले लिया है. अब वे गेंदबाजी के साथ साथ बल्लेबाजी पर भी फोकस करने लगे हैं. इसकी झलक उन्होंने साउथ अफ्रीका टी 20 लीग में दिखाई है।

साउथ अफ्रीका टी 20 लीग में नवीन उल हक डरबन सुपर जायंट्स की तरफ से खेल रहे हैं. 19 जनवरी को सनराइजर्स ईस्टर्न कैप के खिलाफ हुए मैच में 10 वें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे थे. उन्होंने 15 गेंद पर 4 छक्के और 1 चौके लगाते हुए 200 की स्ट्राइक रेट से नाबाद 30 रन बनाए. उनकी तूफानी बल्लेबाजी फैंस के बीच चर्चा का विषय बन गई है. अगर वे ऐसी ही बल्लेबाजी करते रहे तो टी 20 क्रिकेट में उनकी मांग और ज्यादा बढ़ जाएगी क्योंकि हर टीम निचलेक्रम में एक ऐसा बल्लेबाज चाहती है जो तेजी से 25 से 30 रन बना सके. नवीन बेहतरीन गेंदबाज हैं और इस मैच में भी उनकी गेंदबाजी असरदार रही. उन्हें सिर्फ 1 ही विकेट मिले लेकिन 3 ओवर में सिर्फ 28 रन उन्होंने दिए।

## शाकिब की मुश्किलें बढ़ीं, चेक बाउंस होने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी

ढाका (ए)। बांग्लादेश क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाकिब अल हसन के खिलाफ ढाका की एक अदालत ने चेक बाउंस होने के मामले में गिरफ्तारी वारंट जारी है। शाकिब हालांकि अभी देश से बाहर हैं। पिछले साल शेख हसीना सरकार के खिलाफ हुए छात्र आंदोलन के बाद उनपर हत्या के एक मामले में आरोप लगे थे जिसके बाद से ही शाकिब बांग्लादेश नहीं लौटे हैं। शाकिब हसीना की आवामी लीग से सांसद थे।इंटरनेशनल फाइनेंस इन्वेस्टमेंट एंड कॉमर्स (आईएफआईसी) बैंक ने शाकिब के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। आईएफआईसी बैंक ने पिछले साल अक्टूबर में चेक बाउंस होने के मामले में कानूनी नोटिस जारी किया था। इसके बाद 24 दिसंबर को क्रिकेटर से व्यवसायी बने शाकिब और उनकी कंपनी के तीन



अन्य अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया। उनकी फार्म के दो अधिकारियों ने अदालत के समक्ष आत्मसमर्पण किया और जमानत की गुहार लगाई जिसे अदालत ने सुनवाई के बाद मंजूर कर लिया। बांग्लादेश की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान शाकिब ने 2016 में दक्षिण-पश्चिमी सतखीरा में शाकिब अल हसन एग्रो फार्म नाम से एक केकड़ा फार्म स्थापित किया था।

## बुमराह ने खुद को जिस तरह से तराशा, आपको उन्हें श्रेय देना होगाः पारस म्हाम्ब्रे

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारत के पूर्व गेंदबाजी कोच पारस म्हाम्ब्रे ने जसप्रीत बुमराह की तारीफ करते हुए कहा कि 2013 के आईपीएल से शुरुआत करने के बाद जिस तरह उन्होंने खुद को एक खिलाड़ी के रूप में निखारा है, वह काबिले तारीफ है। उन्होंने कहा कि दुनिया में बहुत कम गेंदबाज हैं जो तीनों फॉर्मेट (टेस्ट, वनडे, टी20) में इतना बड़ा प्रभाव डाल सके हैं। 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू करने के बाद बुमराह ने खुद को भारत के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया। 2024 में बारबाडोस में हुए पुरुष टी20 वर्ल्ड कप में बुमराह ने 15 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब जीता और भारत को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई।

## शादी के बंधन में बंधे भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा, फोटो शेयर कर दी जानकारी

नईदिल्ली ,(आरएनएस) । भारत के स्टार एथलीट नीरज चोपड़ा शादी के बंधन में बंध गए हैं. नीरज ने रविवार रात सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर इसकी जानकारी दी. नीरज की शादी में उनके करीबी दोस्तों के साथ रिश्तेदार शामिल हुए. गोल्ड मेडल विनर नीरज की शादी की चर्चा काफी वक्त पहले से चल रही थी. लेकिन इस पर अब मुहर लग गई है. नीरज ने अपनी पत्नी के साथ फोटो शेयर की है।



नीरज ने शादी की तस्वीरों को एक्स पर शेयर किया. उन्होंने कैप्शन में लिखा, जीवन के नए अध्याय की शुरुआत अपने परिवार के साथ की. नीरज की शादी में सिर्फ करीबी लोगों को ही इनवाइट किया गया था. उन्होंने कैप्शन के जरिए अपनी वाइफ का नाम भी बताया. नीरज की वाइफ का नाम हिमानी है. वे क्या करती हैं, इसको लेकर अभी जानकारी नहीं मिली है. नीरज ने टोक्यो ओलंपिक में भारत के लिए जेवलिन थ्रो में गोल्ड मेडल जीता था. उनकी यह जीत ऐतिहासिक रही थी. नीरज की इस जीत के बाद उनकी शादी की काफी चर्चा थी. नीरज से कई इंटरव्यू में शादी को लेकर सवाल किया जा चुका था. लेकिन इस पर उन्होंने किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं दी थी. नीरज कभी भी अपनी होने वाली जीवन साथी को लेकर खुलासा नहीं किया. अब चुपचाप शादी कर ली।

## न्यूजीलैंड क्रिकेट के लिए शर्मनाक दिन

**पहली बार नाईजीरिया टीम के खिलाफ करना पड़ा हार का सामना**

नईदिल्ली, (ए)। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को क्रिकेट की दुनिया का मजबूत टीम माना जाता है. किसी भी स्तर पर किसी भी फॉर्मेट में इस टीम को मात देना काफी मुश्किल माना जाता है. चाहे पुरुष टीम हो, महिला टीम हो, सीनियर टीम हो या अंडर 19 टीम. लेकिन न्यूजीलैंड को पहली बार अंडर टी 20 विश्व कप में एक बेहद छोटी टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा.विमेन अंडर 19 टी 20 विश्व कप 2025 का आयोजन मलेशिया में हो रहा है. इस टूर्नामेंट में नाईजीरिया की टीम ने एक बड़ा उलटफेर किया है. नाईजीरिया ने न्यूजीलैंड पर 2 रन से जीत दर्ज कर क्रिकेट वर्ल्ड को हैरान कर दिया है. शायद ही किसी ने सोचा होगा कि क्रिकेट की दुनिया की ये नौसिखिया टीम न्यूजीलैंड जैसी मजबूत टीम को मात देगी. बारिश से प्रभावित रहे मैच में नाईजीरिया ने पहले बैटिंग करते हुए 13 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 65 रन बनाए थे. कीवी टीम को जीत के लिए 66 रन की जरुरत थी लेकिन 13 ओवर में वो 6 विकेट के नुकसान पर 63 रन ही बना सकी और 2 रन से मैच गंवा बैठी. ये हार न्यूजीलैंड के लिए बड़ा झटका थी. न्यूजीलैंड पर जीत दर्ज करने वाली नाईजीरिया अपने ग्रुप में टॉप पर पहुंच गई है. बता दें कि नाईजीरिया ग्रुप सी में है. इस ग्रुप में न्यूजीलैंड के अलावा समोआ और साउथ अफ्रीका है. दो मुकाबलों में एक जीत के साथ नाईजीरिया पहले स्थान पर आ गई है. टीम के पास 3 अंक हैं. नाईजीरिया का एक मैच बारिश से धुल गया था. इस तरह तीन अंकों के साथ टीम पहले स्थान पर है।

## विराट कोहली के पास है इतिहास रचने का मौका, चैंपियंस ट्रॉफी में बनाने होंगे सिर्फ 263 रन

नईदिल्ली, (ए)। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए भारतीय टीम का ऐलान हो चुका है. 19 फरवरी से शुरू होने वाले इस आईसीसी इवेंट में भारत खिताबी जीत दर्ज करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा. चुनी गई टीम में विराट कोहली का नाम भी शामिल है और आपको बता दें की इस टूर्नामेंट में कोहली के पास एक बड़ा रिकॉर्ड बनाने का मौका है।

भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार विराट कोहली चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में खेलते नजर आएंगे. एक बार फिर फैंस को उनके बल्ले से बड़ी-बड़ी पारियों की उम्मीद होगी. इस टूर्नामेंट में विराट के पास एक बड़ा रिकॉर्ड बनाने का मौका है. जी हां, उनके पास सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बनने का मौका है.विराट कोहली मौजूदा समय में चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में 11वें नंबर पर हैं. उन्होंने 529 रन बनाए हैं. विराट आगामी टूर्नामेंट में 263 रन बना देते हैं तो, वह क्रिस गेल के रिकॉर्ड को तोड़



सकते हैं. गेल चैंपियंस ट्रॉफी में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं और वह 791 रन बना चुके हैं. विराट कोहली इस वक्त खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं. हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उनके बल्ले से रन नहीं निकल रहे थे और वह बाहर की गेंद को छेड़ते हुए बार-बार आउट हुए. कोहली ने ऑस्ट्रेलिया के साथ खेली गई टेस्ट सीरीज में खेले गए 5 मैचों में सिर्फ 190 रन बनाए, जो वाकई काफी निराशाजनक था।

## वॉर्नर ने की स्मिथ के अनफिट होने पर ट्रैविस हेड को टेस्ट कप्तान बनाने की सिफारिश

नई दिल्ली,(आरएनएस) । पूर्व ऑस्ट्रेलियाई ओपनर डेविड वॉर्नर ने कहा है कि अगर स्टीव स्मिथ श्रीलंका दौरे के लिए फिट नहीं होते हैं, तो ट्रैविस हेड ऑस्ट्रेलिया के नए टेस्ट कप्तान हो सकते हैं। स्मिथ को बिग बैश लीग (बीबीएल) के दौरान चोट लग गई थी।

पैट कमिंस अपनी दूसरी संतान के जन्म और टखने की चोट के कारण श्रीलंका दौरे के लिए उपलब्ध नहीं हैं, इसलिए स्टीव स्मिथ को कप्तान बनाया गया था। लेकिन रविवार को क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि स्मिथ को शुक्रवार को बिग बैश लीग के मैच में फील्डिंग करते हुए दाहिने कोहनी में चोट लगी है।

स्मिथ कोहनी पर ब्रेस पहने नजर आए और अभी तक दुबई स्थित आईसीसी अकादमी में ऑस्ट्रेलिया के प्री-टूर कैंप में शामिल नहीं हुए हैं। अगर वह 29 जनवरी से गाले में शुरू होने वाले पहले टेस्ट के लिए फिट नहीं होते, तो वॉर्नर के अनुसार, श्रीलंका दौरे के लिए उप-कप्तान बनाए गए ट्रैविस हेड ऑस्ट्रेलिया के 48वें टेस्ट कप्तान बन सकते हैं।

वॉर्नर ने द ऑस्ट्रेलियन से कहा, मुझे नहीं लगता कि वह ज्यादा बोलेंगे। जब उन्हें सही लगेगा, तब बदलाव करेंगे। वह लंबे समय से साउथ ऑस्ट्रेलिया के लिए कप्तानी कर रहे हैं और उनके पास एक समझदार दिमाग है।उन्होंने यह भी कहा कि अगर स्मिथ पूरे दौरे से बाहर हो जाते हैं, तो यह ऑस्ट्रेलिया के लिए बड़ा झटका होगा। अगर वह श्रीलंका दौरे से बाहर होते हैं, तो यह नुकसानदायक होगा, लेकिन मुझे लगता है कि वह इससे उबर पाएंगे। श्रीलंका और ऑस्ट्रेलिया के बीच दो टेस्ट मैचों की सीरीज 29 जनवरी से गाले में शुरू होगी, और दूसरा मैच 6 फरवरी को वहीं खेला जाएगा। इसके बाद 12 और 14 फरवरी को कोलंबो में दो वनडे मैच खेले जाएंगे। उल्लेखनीय है कि ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम ने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में जगह बना ली है। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 3-1 से हराकर लगातार दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को लगातार दूसरी टेस्ट चैंपियनशिप जीतने के लिए दक्षिण अफ्रीका को हराना होगा, जो पहली बार टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंची है।

## चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के इरादे से उतरेंगे: रोहित

मुम्बई (ए)। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि टीम पाकिस्तान में अगले महीने होने वाली आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में जीत के लिए पूरी ताकत लगा देगी। हाल के ऑस्ट्रेलिया दौरे में खराब प्रदर्शन के हुई निराशा को पीछे छोड़ते हुए रोहित का लक्ष्य इस टूर्नामेंट को जीतकर अपने आलोचकों को करारा जवाब देना रहेगा। रोहित के अलावा इस टूर्नामेंट के लिए उपकप्तान बने शुभमन गिल का लक्ष्य भी बेहतर प्रदर्शन कर अपने चयन को सही साबित करना होगा। इस टूर्नामेंट में खेलने वाली 8 में से 7 टीमों की घोषणा हो गयी है। केवल मेजबान पाकिस्तान ही अब तक अपनी टीम घोषित नहीं कर पाया है। बीसीसीआई के भारतीय टीम को पाकिस्तान भेजने से मना करने के





कारण इस टूर्नामेंट में भारतीय टीम के मुकाबले दुबई में रखे गये हैं।

रोहित ने कहा कि भारतीय टीम जल्द ही चैंपियंस ट्रॉफी में अपना अभियान शुरू करेगी और एक और ट्रॉफी जीतने का प्रयास करेगी। उन्होंने कहा, "हम एक और टूर्नामेंट में जीत के इरादे से उतरेंगे। मुझे भरोसा है कि जब हम दुबई पहुंचेंगे तो 140 करोड़ लोगों की शुभकामनाएं हमारे साथ होंगी।"

इस टूर्नामेंट में खेलने वाली 8 टीमों को 4-4 के दो समूहों में बांटा गया है।

ग्रुप ए में बांग्लादेश, भारत, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड शामिल हैं, जबकि ग्रुप बी में अफगानिस्तान, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका जैसी टीमें हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में भारतीय टीम अपना पहला मुकाबला 20 फरवरी को दुबई में बांग्लादेश के खिलाफ खेलेगी। वहीं 23 फरवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला खेला जाएगा।

## ऑस्ट्रेलियन ओपनः स्वितोलिना ने छह साल बाद क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

मेलबर्न, ,(आरएनएस) । यूक्रेन की खिलाड़ी और 28वीं सीड एलिना स्वितोलिना ने सोमवार को रोड लेवर एरिना में हुए चौथे राउंड के मुकाबले में वेरोनिका कुदेरमेटोवा को 6-4, 6-1 से हराकर छह साल में पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई।पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 स्वितोलिना ने इतिहास रचते हुए ग्रैंड स्लैम में 100 मैच जीतने वाली पहली यूक्रेनी खिलाड़ी बनने के बाद यह कारनामा किया है। यह उनके करियर का 12वां ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल है।अब क्वार्टरफाइनल में स्वितोलिना का सामना छठी सीड एलिना रिबाकिना और 19वीं सीड मेडिसन कीज के बीच होने वाले चौथे राउंड के विजेता से होगा। स्वितोलिना के प्रदर्शन पर मां बनने के बाद भी कोई असर नहीं पड़ा है।



## नाइजीरियाई राष्ट्रपति ने की पेट्रोल टैंकर विस्फोट में 80 लोगों की मौत की पुष्टि

अबुजा(आरएनएस) । नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने रविवार को पुष्टि की कि देश के उत्तर-मध्य नाइजर राज्य में एक व्यस्त सड़क पर पेट्रोल से भरे एक टैंकर के पलट जाने से उसमें विस्फोट हो गया, जिससे 80 से अधिक लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, घटना और भारी जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए, टीनूबू ने विस्फोट को विनाशकारी बताया। उन्होंने याद दिलाया कि राज्य के डिक्को क्षेत्र में कई निवासी गिरे हुए गैसोलीन टैंकर से ईंधन निकालने की कोशिश करते समय भीषण आग में फंस गए।नाइजीरियाई नेता ने संबंधित अधिकारियों को घायलों को चिकित्सा देखभाल प्रदान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा, उन्होंने सुरक्षा और सड़क सुरक्षा अधिकारियों को इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उपाय लागू करने का निर्देश दिया।उन्होंने सभी नागरिकों को सावधानी बरतने और दुर्घटना स्थलों, विशेष रूप से ईंधन से भरे वाहनों के पास जाने से बचने की सलाह दी।इसके अलावा राष्ट्रपति ने नेशनल ओरिएंटेशन एजेंसी को एक राष्ट्रव्यापी शैक्षिक अभियान शुरू करने का आदेश दिया है। यह अभियान गिरे हुए टैंकरों से ईंधन निकालने के गंभीर जोखिमों और पर्यावरणीय खतरों के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाएगा।नाइजीरिया में गैसोलीन टैंकर विस्फोट असामान्य नहीं हैं, जिससे अक्सर लोग हताहत होते हैं।

## पॉप सिंगर आमिर तातालू को ईशनिंदा के आरोप में मिली सजा-ए-मौत

**-चोरी छिपे तुर्की में रह रहा था, 2023 में गिरफ्तार कर ईरान को सौंपा**

तेहरान,(ए)। ईरान की कोर्ट ने मशहूर पॉप सिंगर आमिर तातालू नाम से मशहूर अमीर हुसैन मघसूदलू को सजा-ए-मौत की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उसे ईशनिंदा के आरोप में दोषी ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट ने ईशनिंदा समेत अन्य अपराधों के लिए पूर्व में दी गई पांच साल की जेल की सजा पर अभियोजक की आपत्ति स्वीकार कर ली है। इसलिए उन्?हें अब सजा-ए-मौत की सजा सुनाई गई है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले को फिर से खोला गया। जब जांच की गई तो सरकार की ओर से कही बात सही पाई गई। पॉप सिंगर आमिर तातालू पर पैगंबर साहब का अपमान करने का दोषी पाया गया है। इसलिए उसे मौत की सजा सुनाई गई है। यह फैसला अंतिम नहीं है और इसके खिलाफ अभी भी अपील की जा सकती है। 37 साल के आमिर तातालू 2018 से तुर्की के इस्तांबुल में छिपकर रह रहे थे, लेकिन तुर्की पुलिस ने दिसंबर 2023 में उन्हें गिरफ्तार कर ईरान को सौंपा था। तब से वह ईरान



में हिरासत में हैं। आमिर तातालू को "वेश्यावृत्ति" को बढ़ावा देने के लिए भी 10 साल की सजा सुनाई थी। उन पर इस्लामी गणराज्य के खिलाफ"दुष्प्रचार" करने और "अश्लील सामग्री"शेयर करने का आरोप था।

रैप, पॉप और आर एंड बी के कंपोजीशन के लिए मशहूर टैटू गायक को पहले भी कई आरोप लगाए गए थे। आमिर तातालू ने 2017 में ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के साथ एक अजीबोगरीब टेलीविजन चर्चा की थी।

## दक्षिण कोरियाई विज्ञान मंत्रालय ने जैव-उद्योग में नवाचार लाने के लिए 10 प्रौद्योगिकियों को नामित किया

सोल, (ए)। दक्षिण कोरियाई विज्ञान मंत्रालय ने सोमवार को बताया कि उसने अगले दशक में जैव-उद्योग (बायो इंडस्ट्री) में नवाचार (इनोवेटिव) लाने के लिए 10 प्रौद्योगिकियों की पहचान की है।

योनहाप समाचार एजेंसी ने विज्ञान और आईसीटी मंत्रालय के हवाले से बताया कि भविष्य की तकनीकों में मानव इम्यूनोम, मल्टी-कैंसर का जल्दी पता लगाना, राइबोन्यूक्लिक एसिड स्ट्रक्चरोम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा डिजाइन किए गए जीन एडिटर्स, एंटी-एजिंग एंटीबॉडीज, मॉलिक्यूलर ग्लू, मोटाइल लिविंग बायोबॉट्स, डिजिटल आर्टिफिशियल अंग, बायो फाउंडेशन मॉडल और हेल्थकेयर डिजिटल ट्विन शामिल हैं।

मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि जैव अनुसंधान का तरीका बदलने वाला है। अब तक प्रयोगशाला में एक्सपेरिमेंट और ऑब्जरवेशन पर केंद्रित अनुसंधान होता था, लेकिन भविष्य में यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित भविष्यवाणी और अनुमान पर केंद्रित होगा।

## महिला शिक्षा पर प्रतिबंध इस्लाम के खिलाफ, लड़कियों के लिए फिर से खुलें स्कूल : तालिबान के उप विदेश मंत्री

काबुल ,(आरएनएस) । तालिबान के कार्यवाहक उप विदेश मंत्री ने अफगान लड़कियों के लिए स्कूल खोले जाने की अपील की है। यह टिप्पणी हाल के वर्षों में किसी तालिबान अधिकारी की तरफ से देश में महिला शिक्षा पर प्रतिबंध की सबसे कड़ी सार्वजनिक आलोचनाओं में से एक है। लड़कियों की शिक्षा पर पाबंदी एक ऐसी नीति है जिसने तालिबान को दुनियाभर से अलग-थलग कर दिया।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक शेर मोहम्मद अब्बास स्तानेकजई ने सप्ताहांत में एक भाषण में कहा कि लड़कियों और महिलाओं की शिक्षा पर प्रतिबंध इस्लामी शरिया कानून के अनुरूप नहीं है।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, मंत्री ने तालिबान के प्रशासन के नाम का जिक्र करते हुए कहा, हम इस्लामिक अमीरात के नेताओं से शिक्षा के दरवाजे खोलने का अनुरोध करते हैं। उन्होंने कहा, पैगंबर मुहम्मद के समय में ज्ञान के दरवाजे पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए खुले थे।कार्यवाहक उप विदेश मंत्री ने अफगानिस्तान की महिला आबादी का जिक्र करते हुए कहा, "आज, चालीस करोड़ की आबादी में से हम बीस करोड़ लोगों के खिलाफ अन्याय कर रहे हैं।"तालिबान का दावा है कि वे इस्लामी कानून और अफगान संस्कृति की अपनी व्याख्या के अनुसार महिलाओं के अधिकारों का सम्मान करते हैं। हालांकि उन्होंने 2022 में लड़कियों के लिए हाई स्कूल खोलने के वादे पर यू-टर्न लिया। 2022 के अंत में महिला छात्रों के लिए विश्वविद्यालयों को बंद कर दिया।तालिबान प्रशासन तब से कहता रहा है कि वह स्कूलों को फिर से खोलने की योजना पर काम कर रहा है, लेकिन उसने कोई समयसीमा नहीं बताई है। इस्लामी विद्वानों सहित अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तालिबान नीतियों की व्यापक आलोचना की गई। पश्चिमी राजनयिकों ने कहा है कि तालिबान को औपचारिक मान्यता देने का कोई भी रास्ता तब तक बंद है जब तक कि महिलाओं के प्रति उनकी नीतियों में बदलाव नहीं होता।

## दक्षिण कोरिया - राष्ट्रपति यून को सोल डिटेंशन सेंटर के सेल में लाया गया

सोल ,(आरएनएस) । राष्ट्रपति यून सुक योल को गिरफ्तार करने के बाद सोल डिटेंशन सेंटर के एकांत वार्ड में भेजा गया है। एक अधिकारी ने इस संबंध में सोमवार को जानकारी दी।

कोरिया सुधार सेवा के कमिशनर शिन योंग-हे ने बताया कि रविवार को यून को सोल के दक्षिण में उईवांग स्थित हिरासत केंद्र के 12 वर्ग मीटर वाले सेल में ले जाया गया। ये कार्यवाही सोल पश्चिमी जिला न्यायालय द्वारा उसकी औपचारिक गिरफ्तारी का वारंट जारी करने के बाद की गई।

शिन ने नेशनल असेंबली की कानून और न्यायपालिका समिति के सत्र के दौरान सांसदों से कहा, (यून) को संदिग्धों के लिए बनाए गए कमरे से सामान्य हिरासत विंग में भेजा गया और मुझे रिपोर्ट मिली कि उन्होंने रात आराम से बिताई।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, शिन ने बताया कि यून की सेल, जो आम तौर पर पांच या छह लोगों के लिए होती है, उसी आकार की है, जैसे पिछली बार हिरासत में रखे गए राष्ट्रपतियों की सेल थी।

योनहाप समाचार एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, शिन ने बताया कि यून की सेल, [जिसमें आमतौर पर पांच या छह लोगों को रखा जाता है], का आकार उस कोठरी के समान है, जहां पूर्व राष्ट्रपतियों को रखा गया था।

## हम यह देखना और महसूस करना चाहते थे : इजरायली कैद से रिहा 90 फिलिस्तीनियों के स्वागत में उमड़ा जन सैलाब

गाजा,(आरएनएस) । तीन इजरायली बंदियों की रिहाई के बाद हमास-इजरायल युद्ध विराम के तहत तहत 90 फिलिस्तीनियों को इजरायली जेलों से रिहा कर दिया गया। घर वापस लौटने पर उनके रिश्तेदारों, दोस्तों और समर्थकों की बड़ी भीड़ ने उनका आंसुओं और खुशी से स्वागत किया।

अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक सोमवार को स्थानीय समयानुसार लगभग 1 बजे (23?00 जीएमटी), 90 फिलिस्तीनी कैदियों को लेकर रेडक्रॉस की बसें कब्जे वाले वेस्ट बैंक के रामल्लाह पहुंचीं, जहां हजारों की भीड़ ने उनका स्वागत किया।इस पल की खुशी में इजरायली बलों की वो चेतावनी कहीं गुम हो गई कि जश्न मनाने की अनुमति नहीं होगी।रिहा किए गए फिलिस्तीनियों में 69 महिलाएं और 21 किशोर लड़के शामिल थे - जिनमें से कुछ की उम्र 12 साल थी - जो कब्जे वाले वेस्ट बैंक और यरुशलम से थे।मुक्त हुए लोगों में 62 वर्षीय खालिदा जरार भी शामिल थीं। वह वामपंथी %पॉपुलर फ्रंट फॉर द लिबरेशन ऑफ फिलिस्तीन% की प्रमुख सदस्य थीं, जिन्हें छह महीने तक %प्रशासनिक हिरासत% के तहत एकांत कारावास में रखा गया था। यह नियम इजरायली अधिकारियों को बिना किसी आरोप या अदालती फैसले के संदिग्धों को अनिश्चित काल तक जेल में रखने की अनुमति देता है।वेस्ट बैंक के कब्जे वाले शहर रामल्लाह में, भीड़ ने भावनात्मक समर्थन दिखाते हुए वापस लौटे कई कैदियों को अपने कंधों पर उठा लिया, जबकि अन्य लोग नारे लगा रहे थे और सीटी बजा रहे थे। सभा में शामिल कुछ लोगों ने फतह, हमास, फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद



और अन्य सशस्त्र प्रतिरोध समूहों के झंडे ले रखे थे।इससे सात घंटे पहले, गाजा में 20 से 30 वर्ष की आयु वाली तीन इजरायली बंदी महिलाओं को रिहा किया गया था।तवील ने कहा कि उन्होंने रविवार सुबह 3 बजे (01?00 जीएमटी) अपनी यात्रा शुरू की, जब उन्हें रिहाई से पहले एक अन्य इजरायली जेल से ले जाया गया था। दूसरी जेल में, उन्हें रिहाई का इंतज़ार कर रहे अन्य फिलिस्तीनियों के साथ रखा गया था। उन्होंने कहा, इंतज़ार करना बेहद कठिन था। लेकिन भगवान का शुक्र है, हमें यकीन था कि किसी भी पल हमें रिहा कर दिया जाएगा। ताविल ने कहा कि उनके पिता, जो कि इजरायली जेल में हैं, उन्हें भी जल्द ही रिहा कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, मुझे उनके बारे में चिंता थी। वह अभी भी कैदी हैं, लेकिन मुझे अभी अच्छी खबर मिली है कि इस सौदे के तहत उन्हें रिहा कर दिया जाएगा।

रामल्लाह की 23 वर्षीय अमांडा अबू शर्ख, रिहा किए गए कैदियों का स्वागत करने के लिए इक्ट्ठा सैकड़ों लोगों की भीड़ में शामिल थीं। उन्होंने कहा, हम इसे देखने और भावनाओं को महसूस करने के लिए यहां आए हैं, ठीक वैसे ही जैसे आज रिहा किए जा रहे कैदियों के परिवार वाले हैं।

अबू शर्ख ने कहा, आज रिहा किए जा रहे सभी कैदी हमारे लिए परिवार की तरह हैं। वे हमारे अंग हैं, भले ही वे हमारे खून के रिश्तेदार न हों।

20 वर्षीय मुहम्मद ने कहा कि जैसे ही उसने सुना कि कैदियों को रिहा किया जाएगा, वह अपने दोस्तों के साथ यहां आया। हाल ही में इजरायल की ओफर जेल से रिहा होने के बाद, उसने परिवारों के फिर से जुड़ने के विचार पर %बहुत खुशी% व्यक्त की।

युद्ध विराम समझौते के तहत रिहा किए जाने वाले फिलिस्तीनियों की सही संख्या अभी भी अज्ञात है, रिपोर्ट के अनुसार तदाद लगभग 1,000 से लेकर लगभग 2,000 तक हो सकती है।

# अधिकारी जल्द से जल्द करें भू अर्जन एवं मुआवजा वितरण की कार्यवाही : कलेक्टर श्री सिंह

## जल्द से जल्द बनाए जाएं सभी बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड - कलेक्टर श्री सिंह



सीहोर, (निप्र)। समय-सीमा पत्रकों के निराकरण के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को पूर्व से विभागीय लंबित आवेदनों के निराकरण करने और सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निराकरण करने तथा लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के जिलाधिकारियों से कहा कि 300 दिवसों से अधिक की दिनों की लंबित शिकायतों का शीघ्र निराकरण किया जाए।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान कहा कि 100 दिवसीय निक्षय शिविर कार्ययोजना को प्रभावी रूप से चलाएं और अधिक से अधिक लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करें। उन्होंने कहा कि टीबी के मरीजों के संपर्क में जो व्यक्ति आए हैं, उनकी भी स्क्रीनिंग की जाए। इसके साथ ही जो व्यक्ति पहले टीबी की जांच में पॉजिटिव रह चुके हैं, उनकी भी स्क्रीनिंग की जाए। बैठक में जानकारी दी गई कि अभी तक 1,24,015 व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई है। उन्होंने संबंल योजना की समीक्षा के दौरान अनुग्रह राशि के त्वरित भुगतान की कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के सभी शासकीय कॉलेजों को निर्देश दिए कि कॉलेज चलो अभियान के तहत विभिन्न स्कूलो में कार्यशालाएं आयोजित करें तथा 12 वी में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को शासकीय कॉलेज में एडमिशन के लिए प्रेरित करे। उन्होंने निर्देश दिए कि वनग्रामों के राजस्व ग्रामों में परिवर्तन तथा वन व्यवस्थापन के कार्य में तेजी लाई जाए और यह कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने सोयाबीन उपार्जन की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि जिन किसानों का भुगतान रह गया उन्हें जल्द भुगतान कराएं।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने सभी जिलाधिकारियों को मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान तथा राजस्व महाभियान 3.0 के तहत निराकृत किए जाने वाले प्रकरणों को पोर्टल पर दर्ज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे विभागीय पोर्टल एवं मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान के पोर्टल पर निराकरण का आंकड़ा एक समान रहेगा। उन्होंने राजस्व महाभियान 3.0 की समीक्षा के दौरान कहा कि इस अभियान के सभी योजनाओं के तहत प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण किया जाए। कलेक्टर प्रवीण सिंह ने जिले में चल रहे मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि शिविरों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के आवेदन पत्रों का निराकरण किया जाए तथा यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं का लाभ पाने से वंचित नहीं रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने गणतंत्र दिवस की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि गणतंत्र दिवस पर लगने वाली झांकियों को समय से पहले बनाकर तैयार कर लें। इसके साथ ही पुरस्कार वितरण के नाम की लिस्ट सहित अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सभी व्यवस्थाएं समयपूर्व सुनिश्चित की जाएं। उन्होंने फौती नामांतरण की कार्यवाही त्वरित गति से करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पीएम आवास योजना के लंबित आवासों को शीघ्र पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

### *निःशक्तजन विवाह योजना में राशि स्वीकृत करने के अधिकार अब जिला कलेक्टर को*

*सीहोर, (निप्र)। मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह योजना के तहत हितग्राहियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से राज्य शासन ने 2 लाख रूपये तक की प्रोत्साहन राशि स्वीकृत करने के अधिकार जिला कलेक्टर को प्रदान कर दिये है। प्रमुख सचिव, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण सशक्तिकरण ने बताया कि दिव्यांगों को विवाह करने के लिये विभाग द्वारा मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन योजना संचालित की जा रही है। इस योजना में विवाह करने वाले दम्पती में अगर एक व्यक्ति दिव्यांग होता है तो राज्य सरकार दो लाख रूपये तथा दम्पत्ति में दोनों दिव्यांग होते है तो एक लाख रूपये तक की प्रोत्साहन राशि प्रदान करती है। इस योजना में हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि आसानी से प्राप्त हो सके। इस उद्देश्य से राशि स्वीकृति के अधिकार जिला स्तर पर अब कलेक्टर को दिये गये है। कलेक्टर निराश्रित निधि की मूल राशि या ब्याज की राशि से प्रोत्साहन राशि स्वीकृत कर सकेंगे।*

# एनएचएम के डिप्टी डायरेक्टर ने किया जिले के स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण

## टीबी मुक्त भारत अभियान एवं निक्षय शिविर अभियान की समीक्षा की



सीहोर, (निप्र)। नेशनल हेल्थ मिशन के डिप्टी डायरेक्टर डॉ भागवत ने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान एवं 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान के अंतर्गत सीहोर जिले के इछावर सिविल अस्पताल, मोलगा, ढाबलामाता, लसुड़िया परिहार सहित अन्य आयुष्यमान आरोग्य केन्द्र, का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री टीबी मुक्त अभियान एवं 100 दिवसीय निक्षय शिविर अभियान की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को इन अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुधीर कुमार डेहरिया, डीटीओ डॉ जेडी कोरी, एमएनडी निलेश गर्ग, डीसीटीबी गायत्री वारपेटे सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जनपद पंचायत परिसर बुधनी में 22 एवं 23 जनवरी को रोजगार मेले का होगा आयोजन

सीहोर, (निप्र)। जिला रोजगार कार्यालय (मॉडल कैरियर सेंटर) द्वारा सभी जनपदों में रोजगार मेले आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेला में सिक्युरिटी एण्ड इन्टेलिजन्स सर्विसेज (एसआईएस) अनूपपुर द्वारा सुरक्षा जवान, सुरक्षा सुपरवाइजर, सुरक्षा अधिकारी के 315 पदों पर भर्ती की जायेगी। जिला रोजगार अधिकारी श्याम धुर्वे ने जानकारी दी कि जनपद पंचायत परिसर बुधनी में 22 एवं 23 जनवरी को प्रात: 10:30 बजे से दोपहर 2:30 बजे तक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में 19 से 40 वर्ष आयु के 10वी पास/ फेल या स्नातक के युवा इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को योग्यता अनुसार 14000 रूपये से 27000 रूपये तक वेतन दिया जायेगा। भर्ती के समय आवेदक के पास शैक्षणिक प्रमाण पत्र, आधार कार्ड की छाया प्रति एवं दो फोटो होना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 8602464107, 7999310954, 9205055417 एवं जिला रोजगार कार्यालय सीहोर पर संपर्क किया जा सकता है।

# उत्कृष्ट विद्यालय की मानसी करेंगी जोरहाट (असम) में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व

सीहोर,(निप्र)। भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना मध्य प्रदेश की स्वयंसेवक मानसी प्रजापति पिता विष्णु प्रसाद प्रजापति का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर जोरहाट (असम) के लिए हुआ है मानसी विगत वर्ष से राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवक है मानसी ने पल्स पोलियो अभियान, मतदाता जागरूकता कार्यक्रम ,वृक्षारोपण सहित अनेक जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए, मानसी ने विगत वर्ष राष्ट्रीय सेवा योजना राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर का प्रतिनिधित्व किया राष्ट्रीय सेवा योजना बरकतउल्ला विश्वविद्यालय भोपाल परिक्षेत्र के सीहोर जिले की मानसी प्रजापति के इन्हीं कार्यों को देखते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना मध्य प्रदेश ने उनका चयन भारत सरकार युवा खेल मंत्रालय का राष्ट्रीय एकता शिविर दिनांक 21 जनवरी से 27 जनवरी 2025 तक असम कृषि विश्वविद्यालय जोहराट (असम) के लिए किया गया है जिसमें मानसी असम में मध्य प्रदेश राज्य की संस्कृति एवं विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन करेंगे साथ ही असम राज्य की संस्कृत कलाओं से रूबरू होंगी और सीहोर मध्यप्रदेश का प्रतिनिधत्व करेंगी।



# भगवान के पांच कल्याणक में से पांचवें कल्याणक ज्ञान कल्याणक विधी विधान से हुआ संपन्न

सीहोर, (निप्र)। श्री 1008 नेमीनाथ मज्जिनेन्दृ जिनबिम्ब पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव एवं विश्वशांति महायज्ञ आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य श्रमण रत्न श्रुतसवेगी मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज के सानिध्य में श्रावक श्राविकाएं इन्द्र इंद्राणी के रूप में विधी विधान से धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कर धर्म लाभ अर्जित कर रहे हैं।मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए दिव्य देशना की प्रभु की ओंमकार मयी दिव्या धुनी समवशरण से इस संसार में क्षेत्र में सात तत्व हैं नव पदार्थ है पांच अस्तिकाए हैं जो जीव इसका सिद्धांत करता है जो जीव इसकी प्रतीतियां करता है जो जीव इसके प्रति रुचि रखता है वह निश्चित रूप से सम्यक दृष्टि कालक्रम से निर्माण को प्राप्त करता है । उपाधि तत्वों को जानना और जानकर कि उनमें लीन होना है जीव के विवेक का कर्तव्य है जो ग्रहण करने योग्य वस्तु है उपाधि है जो छोड़ने योग्य वस्तुएं को है सामान्य जीव से उपाधि को नहीं जानता। लेकिन सम्यक दृष्टि जीवन से उपाध्याय को जानता है कब क्या करना है ? कब क्या नहीं करना है विवेक के ज्ञान की बुद्धि सम्दृयकदृष्टि जीव में होती है जो आज तक तुम्हारे लिए जो आज तक तुम्हारे लिए संसार में भटकन चल रही है उसका कारण तुम ही हो इसका कारण तुम ही हो तुम आज तक निमितों को दोष देते आए हो जबकि उपादान की प्रबलता से संसार के सारे काम होते कोई काम बना नहीं कि तुमने दोस्त पर को दे दिया सो मुखी हो करके आओ तेरे ही कर्मो का हो रहा था सुमूखी की प्रवृत्ति को धारण करो हमें लगता है आपको लगता है कि जीव ने ऐसा कर और उसे जीव ने ऐसा कर यह सब बाहर की निमित्त हैं ।अंदर का मौसम तो आप ही हो कभी लड्डू कभी नहीं कहता आओ और खालो कि आपका उपादान विकृत हुआ है जीव ही उपाधी तक को समझो जो कार्य करने योग्य है उसे करना है जीव जो कार्य नहीं करने योग्य है उसके बारे में सोचना भी मत इस संसार में तेरा अगर कोई मित्र है तो तू ही तेरा मित्र है भगवान की दिव्य वाणी से मे आत्म तत्व का बहन व्याख्यान हुआ कह रहे हैं ।

# श्री वैष्णव बैरागी समाज के कार्यक्रम में विधायक ने धर्मशाला बनाने के लिए 5 लाख की घोषणा की



आष्टा( निप्र)। श्री वैष्णव बैरागी समाज विकास समिति आष्टा के तत्वाधान में श्री राठौर समाज धर्मशाला में जगतगुरु श्री रामानंदाचार्य जी जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया उक्त आयोजन में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक गोपाल इंजीनियर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हेम कुंवर राय सिंह मेवाडा एवं जनपद अध्यक्ष श्रीमती दीक्षा सोनू गुणवान कपिल त्यागी दामोदर जी महंत की उपस्थिति में जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी जी के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम को सुभारंभ किया गया सर्वप्रथम आयोजन समिति के अध्यक्ष राकेश बैरागी एवं सभी पदाधिकारी द्वारा अतिथियों मुख्य अतिथियों का स्वागत किया गया कार्यक्रम के दौरान विधायक को समाज की धर्मशाला एवं पुजारी के मानदेय के संबंध में ज्ञापन सौंपा गया अपने उद्बोधन में विधायक ने घोषणा करते हुए समाज की धर्मशाला के लिए 5 लाख की घोषणा की साथी यह भी कहा गया कि धर्मशाला के लिए आप जगह सुरक्षित कर लीजिए एवं पुजारी के मानदेय के लिए भी शासन से आपकी बात रखेंगे कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्रीमती हेमकुवर राय सिंह मेवाड़ा को भी मांग पत्र सौंप कर मांग की गई की जगतगुरु रामानंदाचार्य जी की मूर्ति स्थापित हेतु जगह उपलब्ध एवं किसी एक चौराहे का नाम जगद्गुरु रामानंदाचार्य जी के नाम रखा जाए इस पर श्रीमती हेम कुंवर राय सिंह मेवाड़ा ने भी घोषणा में काला तालाब या कही सुविधा जनक सुनिश्चित जगह जहां पर आम जनों के लिए सुविधा जनक जगह पर जगतगुरु रामाचार्य जी की मूर्ति स्थापित करने के लिए जगह उपलब्ध कराई जाएगी सहयोग प्रदान किया जाएगा इसी प्रकार जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती दीक्षा सोनू गुणवान को भी ग्रामीण क्षेत्र में धर्मशाला के लिए जगह उपलब्ध करने के संबंध में मांग पत्र सोपा समिति की ओर से उन्होंने भी पूर्ण रूप से आश्वासन दिया कि हर संभव पूरा सहयोग किया जवेगा।



# *कलश यात्रा के साथ मंडी में शुरु हुई सात दिवसीय राम कथा*

## *पहले दिन भगवान शिव और माता पार्वती कथा का किया वर्णन*

*सीहोर( निप्र)। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गल्ला मंडी क्षेत्र में राम कथा की शुरुआत कलश यात्रा के साथ शुरू हुई। मंडी क्षेत्र में स्थित श्रीराम मंदिर के पास होने वाली सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा को लेकर सोमवार को मंडी क्षेत्र के प्रमुख मार्गों से कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा के साथ ही क्षेत्रवासियों के सहयोग से सात दिवसीय श्रीराम कथा 26 जनवरी तक आयोजित होगी। प्रतिदिन भगवान राम जन्म से लेकर लंका दहन और भगवान राम के राज्याभिषेक कथा के साथ विभिन्न कथाओं का वर्णन किया जाएगा। सोमवार को शुरू हुई राम कथा के दौरान कथा वाचक पंडित बाबू दास वैष्णव ने कथा पंडाल मे उपस्थित श्रोताओं को गोस्वामी जी की वंदना के साथ भगवान शंकर और पार्वती का संवाद सुनाया गया।*

# ग्राम इटावा कला में कराया गया कियोस्क कार्यक्रम का आयोजन



सीहोर( निप्र)। शिवशक्ति एग्रीटेक लिमिटेड कम्पनी द्वारा ग्राम इटाावा कला बाजार में कियोस्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें किसानों को जैविक खेती से होने वाले फायदों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित के.पी. यादव के द्वारा किसानों को रसायन से होने वाले नुकसान के बारे में बताया गया। कार्यक्रम में उपस्थित कृषि अधिकारी ललित जायसवाल के द्वारा बताया गया कि शिवशक्ति एग्रीटे कम्पनी के सभी बायो प्रोडक्ट बहुत ही लाभकारी है। अगर इन सभी प्रोडक्ट के केवल 3-4 साल तक फसल में उपयोग किया जाये तो फसल और खेती दोनों में किसानो को बहुत अधित लाभ प्रदान होगा और खर्च भी कम लगेगा। कार्यक्रम मे उपस्थित रिजनल सर्विस को-आर्डिनेटर के.पी. यादव उपस्थित भी उपस्थित रहे।


**In The Court of I District and Additional Sessions Judge, District Court, Sehore**

**Presiding Officer : श्री संजय गोयल**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(MJC/0000142/2024)

पार्वती..........................वादी

Vs

पब्लिक..........................प्रतिवादी

Process ID-/2025

पेशी दिनांक :- 20/02/2025

प्रेषिती-

(1) **सर्वसाधारण** पता-सीहोर जिला **सीहोर**

यह कि प्रार्थी **पार्वती** ने आपके विरूद्ध **विविध व्यवहार प्रकरण** के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के **30 दिवस** के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज तारीख 15 जनवरी 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

**न्यायालय की मुद्रा**

**(संजय गोयल)**
**न्यायाधीश**
**प्रथम जिला न्यायाधीश**
**सीहोर म0प्र0**



## कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, संभाग सीहोर (म.प्र.)

**दुल्हा बादशाह रोड सीहोर फोन नं. 07562-222701**

**निविदा सूचना क्रमांक 10/2024-25** — **दिनांक 15.01.2025**

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनुमानित राशि( रू. लाख में ) | इलेक्ट्रिानिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑन लाईन ही प्रस्तुत किये जाये। |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_395383_1 | सीहोर | भवन वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग सीहोर के अंतर्गत आफिसर कॉलोनी ऐरिया, मण्डी ऐरिया, पी.डब्ल्यू.डी. केम्पस, हाउसिंग बोर्ड, कम्पोजिट भवन ऐरिया, कलेक्ट्रेट बंगला के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में मूल डिपाजिट कार्य एम.ओ.डब्ल्यू./एस.आर./ए.आर. के कार्य। | प्रथम कॉल | 15.00 | केवल ऑन लाईन |
| 2 | 2025_PWDRB_395384_1 | सीहोर | भवन वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग आष्टा के अंतर्गत आष्टा सेक्शन, जावर सेक्शन, इछावर सेक्शन के आवासीय एवं गैर आवासीय भवनों में मूल डिपाजिट कार्य एम.ओ.डब्ल्यू./एस.आर./ए.आर. के कार्य। | प्रथम कॉल | 15.00 | केवल ऑन लाईन |
| 3 | 2025_PWDRB_395385_1 | सीहोर | सड़क वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग सीहोर के अंतर्गत विभिन्न क्षतिग्रस्त मार्गो पर पेच रिपेयर एवं प्रोटेक्शन/रिर्टनवाल निर्माण/विशेष मरम्मत कार्य। (जोनल निविदा) | प्रथम कॉल | 19.00 | केवल ऑन लाईन |
| 4 | 2025_PWDRB_395386_1 | सीहोर | सड़क वार्षिक मरम्मत कार्य | लो.नि.वि.उपसंभाग आष्टा के अंतर्गत विभिन्न क्षतिग्रस्त मार्गो पर पेच रिपेयर एवं प्रोटेक्शन/रिर्टनवाल निर्माण/विशेष मरम्मत कार्य। (जोनल निविदा) | प्रथम कॉल | 19.00 | केवल ऑन लाईन |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाईन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय (Document Download/Sale End Date) करने की अंतिम तिथि 31.01.2025 (17.30) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**जी/21918/24**

**कार्यपालन यंत्री,**
**लो.नि.वि.सं.सीहोर म0प्र0**
**07562-222701**

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें**


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिटंर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा कलेक्ट्रेट के सामने कलेक्ट्रेट रोड सीहोर म.प्र. से प्रकाशित। ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना।
स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com